हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 08.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 79 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया




सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 338343 (IPRD) 24-25

## एक नजर

### एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं शेफाली गुप्ता

**हजारीबाग** : भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पूराना समाहरणालय के विपरीत स्थित धरना स्थल पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा के अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। इस दौरान अत्याधिक वर्षा के कारण फसलों की बबार्दी एवं किसानों के हित में अन्य मांग को लेकर किसान मोर्चा एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ आवाज बुलंद की एवं किसानों के हित में कार्य करने का झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग किया। मांग के दौरान अधिक बारिश से सब्जी की हुई नुकसान की भरपाई, धान अधिप्राप्ति पर बोनस, रबि सीजन के बीज पर 90 प्रतिशत अनुदान, श्री अन्न बीज की सुलभता एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की मांग किया। धरना प्रदर्शन का संचालन ओम प्रकाश मेहता ने किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने किसानों के मांग के दौरान कहा कि झारखंड प्रदेश में औसत से अधिक वर्षा के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। विशेषकर सब्जी की खेती करने वाले किसान अत्यधिक प्रभावित हुए हैं, लेकिन ठगबंधन की सरकार का कोई ध्यान नहीं है। भ्रष्टाचार और शोषण के बीच, हेमंत सरकार किसानों के मुद्दों पर मौन है।

### नवरात्र स्त्री शक्ति की महिमा का द्योतक है : डॉ आशुतोष कुमार

**बरही** : डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में दुर्गा पूजा को लेकर एलकेजी से द्वितीय वर्ग में बच्चों ने नवरात्र के अवसर पर मां के विभिन्न रूपों की झांकी प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा दुर्गा मां के नौ रूपों को बड़े ही मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने डांडिया डांस के साथ-साथ राम रावण युद्ध और विभिन्न भजनों के ऊपर अपनी सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा यूकेजी के बच्चों ने गरबा, कविता गायन और रोल प्ले के माध्यम से अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा एलकेजी के बच्चों ने कविता गायन प्रस्तुत की।कक्षा प्रथम के छात्रों ने भाषण और रोल प्ले प्रस्तुत किया। कक्षा द्वितीय के छात्राओं ने माता दुर्गा के नौ रूपों की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। प्रियांशी, अवनी और रिद्धि ने अपने मनमोहक नृत्य से माता दुर्गा के सुंदर रूपों की झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की देखरेख मुन्नी कुमारी के द्वारा की गई इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को बताया गया कि भारत वर्ष में मनाया जाने वाले त्योहार की पौराणिक महता आज भी जीवंत है। त्योहार के द्वारा हमारे जीवन में खुशियों का पदार्पण होता है। त्योहार हमारे जीवन में संस्कार लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। त्योहार मनुष्य के जीवन में अच्छे गुणो का विकास करता है साथ ही साथ अवगुणों का नाश भी करता है।

### वेबिनार का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विज्ञान विभाग की ओर से पल्स पावर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक डिविजन (विद्युत चुंबकीय स्पंद) विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, संरक्षक कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद थे। इस वेबिनार से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को जोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व बार्क के वैज्ञानिक आकाश कुमार ने वेबिनार से जुड़े सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षित करने के लिए नाभकीय विखंडन और नाभकीय संलयन की प्रक्रिया के साथ साथ ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदलने की प्रक्रिया से वाकिफ कराया।

# हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाएं तथा विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : दुगार्पूजा त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण तथा प्रशासनिक तैयारियों के मद्देनजर आज 7 अक्तूबर को स्थानीय नगर भवन में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों से संबंधित क्षेत्रों में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने



अपने क्षेत्र की समस्याओं मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, पुल पुलिया, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, सड़क किनारे सूखे पेड़ की डालियों की कटाई,साफ सफाई, जल जमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। मौके पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारीयों को संज्ञान में आए मामलों को गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए तय समय सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि शान्ति पूर्ण पर्व के संपादन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कार्य किए जा रहे है। निर्बाध बिजली आपूर्ति/शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर कार्यरत रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी के लिए मेडिकल प्लान,ट्रैफिक प्लान,नगर निगम के द्वारा साफ सफाई की जायेगी। रूट के दौरान जन सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। विधि व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं फोर्स की तैनाती होगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रैफिक प्लान को स्ट्रीमलाइन कराया जाएगा। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाए जायेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने व अफवाहो पर ध्यान न देकर प्रशासन से खबरों का सत्यापन कराने की बात कही। उन्होंने दशहरे को लेकर आयोजित जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त द्वारा विभिन्न स्तर की तैयारीयों को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगी। उपायुक्त ने बताया की आम लोगों की सुविधा व सुगम यातायात के लिए शहरी क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार बैरिकेटिंग की जायेगी। उन्होंने कहा की उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार डीजे पर विसर्जन के दौरान पाबंदी रहेंगी। मीडिया से उन्होंने कहा कि पुष्ट खबरों को जनता के समक्ष लाए, गलत खबरों को जगह न दे तथा प्रशासन का सहयोग करे। उपायुक्त ने सभी पूजा समितियों से तय रूट मार्गो से ही विसर्जन कार्यक्रम को संपादित करने को कहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को नहीं करने की बात कही तथा विधिवत रूप से इसकी निगरानी करने को कहा।

## मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का किया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने आज कटकमसाड़ी प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र के पूजा समितियों का भ्रमण किया और दुर्गा पूजा के आयोजनों की सराहना की। मुन्ना सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा हमारे समाज की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, और ऐसे आयोजन समाज में एकता और अध्यात्म की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने पूजा समितियों के समर्पण और आयोजन की भव्यता की भी तारीफ की। मुन्ना सिंह ने कहा, जिस श्रद्धा और उत्साह के साथ सभी लोग मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर रहे हैं, यह देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मेरी मंगलकामना है की



हम सब स्वस्थ रहें, खुश रहें, और मां दुर्गा का आशीर्वाद हम सब पर बनी रहे। इस अवसर पर मुन्ना सिंह के साथ उपस्थित नेताओं में कटकमसाड़ी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, सरजू यादव (20 सूत्री अध्यक्ष), पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव,मोहम्मद रबानी, शहापुर मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, बाबर अंसारी, संजय सिंह, दीपेंद्र सिंह (सचिव), द्वारका साव, दुलारचंद यादव, दूर्जय प्रसाद, रामावतार प्रजापति, नरसिंह यादव, रिंकू खान, मिथिलेश प्रजापति, लखन यादव, रविकांत कुमार, रतन राम, उपेंद्र कुमार, राजा उद्दीन व अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

### गोगो दीदी योजना के नाम पर लोग हो रहे हैं दिग्भ्रमित

## इस तरह का कोई विभागीय गाईडलाइन या आदेश जारी नहीं है : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कई गांव टोला में गोगो दीदी योजना को लेकर इन दिनों चर्चा पर है। ग्रामीणों ने बताया कि लोग गोगो दीदी योजना के नाम पर ठगे जा रहे हैं और इस तरह का एक फॉर्म भी चला है जिसको लोग फोटो कॉपी कराकर या लोग खरीद कर फॉर्म भरने का प्रयास कर रहे हैं। फोटो कॉपी दुकान में फॉर्म का फोटो कॉपी करवाने को लेकर काफी भीड़ उमड़ी हुई है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कुछ लोगों के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम पर 2100 प्रति महिला को लाभ देने हेतु आवेदन प्रपत्र बांटा जा रहा और भरवारा जा रहा है।वहीं इस बाबत पूछे जाने पर बड़कागाँव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत गोगो



दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है।और ना ही प्रशासन द्वारा कोई प्रपत्र जारी किया गया है। आम लोगों से अपील है कि ऐसे दिगभ्रमित विज्ञापन से बचे।और लोग स्वयं दिगभ्रमित नहीं हो और ना लोगों को दिगभ्रमित करें। अफवाह से बचे। बताते चले की कई लोगों का पीएम किसान की राशि 2000 एवं मईंया सम्मान योजना की राशि 1000 सीधे लाभुक के बैंक खाता आता है। और इसी को लेकर लोगों में एक विश्वास जगी है जिसके लेकर लोग गोगो दीदी योजना के नाम से फॉर्म भर रहे हैं। हर महीने की 11 तारीख को 2100 रूपए सभी महिलाओं के खाते में भरोसे की बहार झारखंड की महिलाओं को हर साल 25 हजार लिखा हुआ है। साथ ही साथ आवेदक का नाम, पिता / पति का नाम, मोबाइल नंबर, पंचायत / वार्ड, ब्लॉक, जिला परिवार के महिलाओं की संख्या, आवेदिका का नाम का कॉलम बनाकर स्पष्ट अक्षरों में लिखा हुआ है।

# भाजपा के घोषणापत्र में झारखंड का विकास और सामाजिक सुधार होगा : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने अपना चुनावी घोषणापत्र पांच प्रण जारी किया है, जिसमें महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इसे जनता के लिए अत्यंत लाभदायक बताया। उन्होंने बरही के कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, कोल्हुआकला पंचायत भवन व भण्डारो के बैरिशाल व पुरहरा में बैठक आयोजित कर इस घोषणापत्र के बारे में लोगों को जानकारी दी। भंडारों एवं कोल्हुआकला पंचायतों में पूर्व विधायक मनोज यादव ने ग्रामीणों को पांच प्रण की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे



यह योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध होंगी। पांच प्रण घोषणापत्र के मुख्य बिंदुओं में गोगो दीदी योजना, इस योजना के तहत झारखंड की प्रत्येक महिला के बैंक खाते में हर महीने 2,100 रुपये जमा किए जाएंगे। यह वित्तीय सहायता हर महीने 11 तारीख को हस्तांतरित होगी। लक्ष्मी जोहार योजना, इस योजना के तहत सभी घरों को मात्र 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलेगा और साल में दो मुफ्त सिलेंडर भी दिए जाएंगे। यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से राहत देगी। सुनिश्चित रोजगार योजना, अगले पांच वर्षों में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करने का वादा किया गया है। भाजपा ने यह भी कहा है कि 2.87 लाख खाली सरकारी पदों पर निष्पक्ष भर्ती की जाएगी। पहली कैबिनेट बैठक में भर्ती प्रक्रिया शुरू करके 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। युवा साथी भत्ता, स्नातक और परास्नातक युवाओं को दो वर्षों तक 2,000 रुपये प्रतिमाह का भत्ता दिया जाएगा। इससे युवाओं को करियर की शुरूआती चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। घर साकार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 21 लाख घरों का निर्माण होगा, जिसमें प्रत्येक घर के लिए अतिरिक्त 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। साथ ही 2027 तक 59 लाख घरों को नल के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह घोषणापत्र राज्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### विधायक के पोते के जन्मदिन पर आशीर्वाद देने पहुंचे मंत्री इरफान

**चौपारण** : चौपारण प्रखंड में सोमवार को विधायक आवास में विधायक के पोते के जन्मदिन पर आशीर्वाद देने पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी। इस मौके पर प्रखंड से आए हजारों की संख्या में लोगों को खाना भी खिलाया गया। जिला परिषद भाग 2 रवि शंकर अकेला के पुत्र एवं बरही विधायक उमाशंकर अकेला के पौत्र का जन्मदिन बहुत खास तरीके से मनाया गया। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पोते भगत सिंह को दीघार्यु, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं। मैं चाहूंगा आप देशभक्त बनकर इस नाम के पहचान को आने वाले पीढ़ियों को बताएं। एवं भगत सिंह के नक्शे कदम पर चलकर अपने पिता एवं दादा का मान बढ़ाएं।वही विधायक अकेला ने कहा कि मैं भगत सिंह से काफी प्रभावित हूं।

# कांग्रेस ने झील में व्याप्त गंदगी को लेकर किया जल सत्याग्रह, कहा- झील में पलने वाले जीव मर रहे हैं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग झील परिसर में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में हजारीबाग के हृदय स्थली कहे जाने वाली झील में व्याप्त गंदगी को लेकर कांग्रेस जनों ने पानी में खड़े रहकर लगभग 5 घंटे खड़े होकर जल सत्याग्रह किया। आज झील की जो नरकीय स्थित है, उससे लोग परेशान हैं, मायूस है, एक तरफ जहां हजारों लोग सुबह और शाम झील परिसर में स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं ,स्वास्थ्य लाभ तो नहीं ले पाते हैं उल्टे बीमार हो जा रहे हैं। तमाम जिला के बड़े आला अधिकारियों का बंगला भी झील परिसर में है, उसके बावजूद नगर निगम जानबूझकर झील के साफ सफाई



नहीं करवा रहा है और लोगों के स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहा है। करोड़ों रुपए की मशीन की खरीदारी भी एक-दो वर्ष पहले की गई थी ताकि झील की से जलकुंभी को हटाया जा सके झील को पर्याप्त रूप से साफ रखा जा सके लेकिन आज करोड़ों की खरीदी हुई मशीन भी नगर निगम और जिला प्रशासन के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने बताया कि आज से 15 दिन पहले हम लोगों ने जिला प्रशासन और नगर निगम को झील सफाई हेतु पत्र लिखकर आग्रह किया था लेकिन उसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं जिला प्रशासन के द्वारा की गई, मजबूरन हम लोगों को पानी में उतरकर जल सत्याग्रह करना पड़ रहा है। जहां एक ओर नगर निगम करोड़ों रुपए की वसूली नगर निगम टैक्स के माध्यम से करती है वहीं, दूसरी ओर सुविधा देने के नाम पर नगर निगम केवल छलावा करती है, आखिर शहर के बीचो-बीच यह सुंदर सा मनोरम सा झील नगर निगम और जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण मजाक का पात्र बन गया है। झील सफाई हेतु करोड़ों रुपए की मशीन की खरीदारी भी हुई लेकिन आज यह केवल प्रदर्शनी का चीज बनकर रह गया। जल सत्याग्रह के माध्यम से जिला प्रशासन और नगर निगम को आगाह किया गया है कि जल्द इस पर कार्यवाही करें और झीलों की सफाई बेहतर तरीके से हो और नहीं तो जल्दी हम लोग हजारीबाग के तरफ से शिष्ट मंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करके इन सभी मामलों को अवगत कराया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह ने कहा की जिला प्रशासन से मेरा निवेदन होगा कि जनमानस की समस्या को देखते हुए तुरंत इसका निराकरण करें झारखंड सरकार करोड़ों रुपए का फंड इस मामले में दे रही है तो जिला प्रशासन और नगर निगम को तुरंत इस पर कार्रवाई करनी चाहिए और साफ सफाई दुरुस्त करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि जल्द ही संबंध में मैं भी नगर निगम के कमिश्नर से और जिला प्रशासन से मुलाकात करके इन सभी बिंदुओं को अवगत कराकर इसका समाधान करने का प्रयास करूंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डांडिया उत्सव में कांग्रेस नेता ने की शिरकत, प्रतिभागियों को दिए पुरस्कार



**हजारीबाग** : इनर व्हील क्लब ऑफ युवा द्वारा मूंगा बगीचा के कानी बाजार स्थित भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से डांडिया की पारंपरिक धुनों पर नृत्य किया। कार्यक्रम के समापन पर,कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए और सभी प्रतिभागियों की ऊर्जा, उत्साह और उनकी कला की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोने का एक अद्भुत तरीका हैं, और यह देखकर बहुत खुशी होती है कि युवा पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम के दौरान क्लब के पदाधिकारियों और आयोजकों ने कांग्रेस नेता का स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सरिता खंडेलवाल ने कहा इस उत्सव को सफल बनाने के लिए हम सभी प्रतिभागियों और टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम की सफलता पर कांग्रेस नेता ने क्लब के पदाधिकारियों और टीम को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में भाईचारे और सामूहिकता को बढ़ावा देने का काम करते हैं। मौके पर सरिता खंडेलवाल, रेनू बरनवाल अर्चना पांडे, नूतन प्रसाद,परिता ताम्बी, ज्योति खंडेलवाल, पुनित कौर, गुरमीत कौर, मीरा अग्रवाल, मृणालिनी, सोमा अग्रवाल, श्रीपर्णा, प्रीति बग्गा, रीना बग्गा, रीना गुप्ता, मंजू छाबड़ा मंजू नायक, सिमा खंडेलवाल, सुधा पसरीचा ममता, अनु अग्रवाल, पूजा मुनका, भावना सिन्हा सुजीत सिंह दिनेश यादव पप्पू सिंह, विक्की कुमार धान, विशाल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग के नए उप विकास आयुक्त के रूप इश्तियाक अहमद ने पदभार किया ग्रहण



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में सोमवार को 39 वें बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इश्तियाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### उपायुक्त ने अनुकंपा के आधार पर अनुशंसित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुकंपा के आधार पर अनुशंसित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। ज्ञातव्य हो कि विगत 20 सितम्बर 2024 को आयोजित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकम्पा के आधार




पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का नाम अनुशंसित किया गया था। उपायुक्त नैंसी सहाय ने वीरेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय सत्येंद्र राम (भूतपूर्व अनुसेवक), दीपक कुमार सिंह माता स्वर्गीय आशा देवी (भूतपूर्व महिला कक्ष सेविका), गणेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय महादेव (बीट संख्या 3/9 चौकीदार) को नियुक्ति पत्र दिया। वीरेंद्र कुमार प्रखंड कार्यालय बड़कागांव में, दीपक कुमार सिंह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा में और गणेश कुमार यादव बरही अंचल में अपनी सेवा देंगे। उपायुक्त ने नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत तीनों अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए सच्ची लगन व निष्ठा पूर्वक अपने कार्यालय में सेवा देने के लिए प्रेरित किया।

### डॉ अमित सिन्हा ने किया पलकोट स्थित मां दशभुजी धाम में पूजा-अर्चना

**हजारीबाग** : नवरात्रि के अवसर पर आज डॉ. अमित सिन्हा ने गुमला जिले के ऐतिहासिक पलकोट स्थित दशभुजी के पवित्र धाम में पहुँचकर माँ स्कंदमाता की विधिवत पूजा-अर्चना की और माँ दशभुजी के दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। मान्यता है कि रामायण में वर्णित पंपापुर वही प्राचीन स्थल है, जो आज के पलकोट के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ स्थित प्राचीन सुग्रीव गुफा इस क्षेत्र के पौराणिक महत्व को और भी अधिक दर्शाती है। यही नहीं, पलकोट कभी नागवंशी राजाओं की राजधानी भी रहा है, जो इस स्थान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को रेखांकित करता है। डॉ. अमित सिन्हा ने नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर माँ स्कंदमाता, जो प्रेम, समर्पण, और मातृत्व की प्रतीक हैं, की आराधना करते हुए सम्पूर्ण जगत की समृद्धि, सुख-शांति और समाज में कल्याण की कामना की। इसके साथ ही, उन्होंने माँ दशभुजी के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की उन्नति, हर व्यक्ति के सुख और स्वास्थ्य की मंगल कामना भी की। यह मंदिर न केवल श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि यहाँ की दिव्य ऊर्जा और भक्तों की अटूट आस्था हर आगंतुक के मन को शांति और सकारात्मकता से भर देती है। माँ के आशीर्वाद से सभी के जीवन में खुशहाली और विकास की कामना की गई। डॉ. सिन्हा की यह धार्मिक यात्रा उनके क्षेत्र के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और समाज में सकारात्मकता फैलाने के उनके प्रयासों को दशार्ती है।

### पदमा दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे सौरभ नारायण सिंह, माता रानी का लिया आशीर्वाद

**पदमा** : सोमवार को पदमा के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने पदमा दुर्गा मंडप पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने बजरंगबली मंदिर में भी दर्शन किए। इस मौके पर सौरभ नारायण सिंह ने नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की



कामना की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, परवेज आलम, पप्पू मेहता, समाजसेवी संदीप सिंह, बिनोद नारायण सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, सुनील सिंह और बीरेंद्र समेत कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने मिलकर माता रानी और बजरंगबली का आशीर्वाद लिया और नवरात्रि की पावन धारा में भाग लिया।




हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 08.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 79 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


# मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त सोरेन

- सीएम ने रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 से ज्यादा बिस्तरों की क्षमता वाले अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला।


अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। इसी क्रम में आज एक ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रहा है तो दूसरी तरफ लोगों के अपना आवास होने का सपना पूरा हो रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 बिस्तर से ज्यादा क्षमता वाले मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना, रांची के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने आशियाना होने के सपने को साकार किया।

### कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। खासकर झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब राज्य में अस्पतालों चिकित्सकों और दवाओ समेत अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की कितनी कमी है, यह मालूम हुआ लेकिन हमारी सरकार ने इस महामारी की वजह से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना पर जीत प्राप्त की। इसी के पास हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। ताकि, अपने राज्य की जनता को बेहतर और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

### विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य समेत अन्य सभी क्षेत्रों में वैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में बेहतरीन सेवा देने के लिए अलग पहचान है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा यहां विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान संस्थान कई और संस्थान एक ही परिसर में खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने वालों को सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से हो रहा है विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। चिकित्सा सेवा प्रणाली में जो कमियां है, उसे दूर किया जा रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुगम बनाने को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। यहां के गरीब लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि बड़े अस्पतालों में महंगा इलाज से उन्हें निजात मिल सके।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, प्रशासक नगर निगम संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

# राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करेगी : हेमन्त सोरेन

- मुख्यमंत्री सोरेन ने दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार युवाओं के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए चार-चार लाख रुपये की राशि का चेक सौंपा।


झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में बैठक करते सीएम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित, परिजनों को चार-चार लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। साथ ही मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि दी गई।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। साथ ही सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करेगी। राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं घटित हुई हैं, जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घटनाओं में हमसभी से जिनका साथ छूटा है, जो हमें छोड़ गए उन्हें तो वापस नहीं लाया जा सकता है, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सके, किस प्रकार एक-दूसरे का सहयोग करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें यह बहुत महत्वपूर्ण है।

### हमारी सरकार संवेदनशील जिम्मेवारियों का कर रही निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपने जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आज यहां एकत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हमेशा ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुःख को बंटता आया हूं।

### उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाला

मुख्यमंत्री न ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखने वाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिला है। पहले भी राज्य सरकार की ओर से कई बहाली प्रक्रियाएं हुई हैं लेकिन ऐसी घटना यदा-कदा ही देखने और सुनने को मिली है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति पंडाल का किया अनावरण

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर सोमवार को दीपा टोली स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। पूजा समिति के उपाध्यक्ष मनोज गोप ने कहा कि इस वर्ष के पूजा पंडाल के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि आम लोग अधिक से अधिक पशु-पक्षियों का ख्याल रखें और उन्हें पिंजड़े में कैद न करें। इस बार का थीम न केवल श्रद्धालुओं के लिए जिज्ञासा का विषय है, बल्कि यह समाज में जागरुकता फैलाने का भी एक माध्यम है। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष रमेश गोप, सचिव शिव कुमार महतो, उपाध्यक्ष रूपेश सिंह, संदीप मौर्य, बिस्वजीत गोप और मुख्य संरक्षक उमेश राय का अहम योगदान है।

### नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान जख्मी

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकाखाड़ जंगल में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के पैर में गोली लग गई। हालांकि, दोनों खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। जख्मी पुलिसकर्मियों में पलामू के रहने वाले एएसआई नागेंद्र पांडेय और चाईबासा के रहने वाले आरक्षी राम सिंह सोरेन हैं। दोनों का इलाज लातेहार सदस्य अस्पताल में हुआ। मुठभेड़ के बाद पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान चला रही है। इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी नक्सली संगठन का एक दस्ता बोकाखाड़ जंगल के आसपास जमा हुआ है।

# रोटी, बेटी और माटी बचाने के लिए झारखंड में एनआरसी लागू करेगी भाजपा : शिवराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे हैं। संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन आया है। आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत पहुंच गई। इसके अतिरिक्त सामान्य आबादी भी प्रभावित हुई है।

शिवराज ने कहा कि घुसपैठिए अब आदिवासी बेटियों से शादी कर स्थानीय सरकार पर भी कब्जा कर रहे। उन्होंने कहा कि आज राज्य में सिर्फ मुख्यमंत्री बनाने या सत्ता परिवर्तन की लड़ाई नहीं है, बल्कि राज्य की रोटी मतलब रोजगार, माटी मतलब जमीन और बहन बेटियां, तीनों को बचाने लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का विस्तृत घोषणा पत्र जारी होगा। भाजपा राज्य में एनडीए सरकार बनते ही एनआरसी लागू कर घुसपैठियों की पहचान करेगी और चुन चुन कर देश से बाहर निकालेगी।

शिवराज ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनाए जा रहे और वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे।

यह सब वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हो रहा। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए आते हैं और यहां बसते हैं। आदिवासी बहन-बेटियों से शादी करते है और उनकी जमीन हड़पते हैं। साथ ही कहा कि रुबिका पहाड़िया जैसी बेटी की टुकड़ों में काटकर निर्मम हत्या हुई है। अंकिता को जलाकर मार दिया गया।

# मंईयां सम्मान यात्रा के जरिये लोगों से जुड़ने की कर रहे हैं कोशिश : कल्पना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिसई :** सिसई में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार आज इतनी योजनाएं ला रही है कि जनता किसी न किसी योजना से मरने तक जुड़ी रहती है। कहा हम इस मंईयां सम्मान यात्रा में निकले हैं। हम लगातार इस यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि इस यात्रा के जरिये हम लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कल्पना ने बीजेपी पर हमला कते हुए कहा, बीजेपी दरअसल पीआईएल मास्टर गैंग बन गयी है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज सालों पहले से जानते थे कि वन ही हमारे जीवन को बचा सकता है। पेड़ ही हमारी रक्षा कर सकते हैं। इसलिए हम दशकों पहले से वन यानी प्रकृति की पूजा करते आये हैं। पेड़ की वंदना करते आये हैं। कहा कि हम इसे सजोते आये है। कल्पना ने आगे कहा कि इसीलिए हमारी संस्कृति, भाषा और परंपरा बची हुई है और यही हमारा गुमान और गर्व है। कहा कि भाषा का ख्याल रखते हुए हमारी सरकार ने कई काम किये हैं। कुडुख भाषा पर बोलते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है कि कुडुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। कहा कि हेमंत अपनी भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और वे तब तक लड़ते रहेंगे जब तक कि हमारी भाषा और संस्कृति व समृद्धि को पहचान नहीं मिल जाये। कहा कि आने वाली पीढ़ी




क्या सिखेगी अगर हमारी भाषा ही नहीं बचेगी। हमारी संस्कृति ही समाप्त हो जायेगी। सीएम हेमंत इस बात को अच्छी तरह से समझ रहे हैं। इसलिए वे इस लड़ाई को लड़ रहे हैं।

कल्पना ने आगे कहा कि राज्य की विपक्षी पार्टियां हमारे काम से किस तरह से परेशान हो गये हैं। इनको कभी भी झारखंड की झारखंडियत और आदिवासियत पसंद नहीं आती है। कहा 2019 में जब इनकी सरकार बनी तो इन्होंने राज्य के अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली बंद कर दी। कहा कि आज चाहे गुमला हो, लोहरदगा हो, सिसई हो, इन स्थानों पर शिक्षा का स्तर मजबूत करने का काम हमने किया है।

कहा कि विपक्ष नहीं चाहता है कि हम शिक्षित हों। लेकिन हेमंत सोरेन ने इन स्कूलों में शिक्षकों की बहाली शुरू की। क्योंकि वो जानते हैं कि झारखंड को आगे बढ़ना है तो हमारी पीढी को शिक्षित होना होगा। इस काम में हमारे विद्यालय और हमारे शिक्षक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कहा कि विपक्षी की सरकार हजारों हजार स्कूल बंद करा देती है।

# जम्मू-कश्मीर में बनने जा रही है एक दशक बाद चुनी हुई सरकार, हरियाणा के भी नतीजे आज होंगे घोषित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नयी दिल्ली :** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर, 2024 को घोषित किए जाएंगे, जो दोनों क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण क्षण होंगे। दोनों राज्यों में मतगणना सुबह 8:00 बजे शुरू होगी, चुनाव अधिकारी सुबह 5:00 बजे से ही मतगणना केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। मतगणना के सुचारू संचालन के लिए तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सहित अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

हरियाणा में मुख्य दावेदारों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (भाजपा), भूपिंदर सिंह हुड्डा (कांग्रेस) और दुष्यंत चौटाला (जेजेपी) शामिल हैं। अन्य प्रमुख हस्तियों में ओम प्रकाश धनखड़ (भाजपा), विनेश फोगट (कांग्रेस) और भव्य बिश्नोई




(भाजपा) शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के लिए शीर्ष दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला (एनसी) और इल्तिजा महबूबा मुफ्ती (जेकेपीडीपी) शामिल हैं। अन्य महत्वपूर्ण उम्मीदवारों में विकार रसूल वानी (कांग्रेस), रविंदर रैना (भाजपा) और गुलाम अहमद मीर (कांग्रेस) शामिल हैं।

मतगणना की प्रक्रिया सुरक्षा कर्मियों, विकलांग लोगों और आवश्यक सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित डाक मतपत्रों से शुरू होगी, उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के माध्यम से वोट डाले जाएंगे। शुरूआती रुझान दोपहर तक आने की उम्मीद है, लेकिन स्पष्ट तस्वीर देर दोपहर तक सामने आने की संभावना है। परिणाम भारत के चुनाव आयोग की वेबसाइट और विभिन्न टीवी चैनलों पर उपलब्ध होंगे।

हरियाणा में 5 अक्टूबर, 2024 को एक चरण में हुए चुनाव में 65.65 फीसदी मतदान हुआ, जिसमें मतदाताओं ने 20,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर 90 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान किया। यह चुनाव राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए प्रयासरत है। कांग्रेस, जो 10 वर्षों से सत्ता से बाहर है, वापसी की उम्मीद कर रही है, जिसमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे नेता अगुवाई कर रहे हैं।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर चुनाव ऐतिहासिक रहे, क्योंकि 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद इस क्षेत्र में पहली बार चुनाव हुए। मतदान तीन चरणों में हुआ: 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को, 90 निर्वाचन क्षेत्रों में, जिसमें 63.88 फीसदी मतदान हुआ। हरियाणा के विपरीत, जम्मू-कश्मीर में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिला, जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), कांग्रेस, भाजपा और जेकेपीडीपी जैसी पार्टियां अनुच्छेद 370 के बाद के परिदृश्य में प्रभाव के लिए जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जिसने 40 सीटें जीतीं, लेकिन पूर्ण बहुमत से चूक गई। उन्होंने जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनाई, जिसने 10 सीटें हासिल कीं, जिससे मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने रहे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने 31 सीटें जीतीं, जबकि इंडियन नेशनल लोकदल को सिर्फ एक सीट मिली।

# पीएम मोदी ने फोन पर जाना चम्पाई सोरेन के स्वास्थ्य का हाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन को फोन कर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान चम्पाई सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। चम्पाई सोरेन ने उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टरों के अथक प्रयास और आम लोगों की दुआओं से अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चम्पाई सोरेन की तारीफ करते हुए कहा कि आप अस्वस्थ रहने के बावजूद आस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आयोजित आदिवासियों के महासम्मेलन में शामिल हुए। इस फोन कॉल के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने मीडिया से कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व पर जो संकट मंडरा रहा है, उसे देखते हुए, समाज के लोगों को जागरूक एवं संगठित करना जरूरी है। समाज की माटी, रोटी, बेटी तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि चम्पाई सोरेन को शनिवार को स्वास्थ्य संबिधित जटिलताओं की वजह से टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें रविवार को बरहेट में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने अस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरीये सभा को संबोधित किया।

एक नजर

## ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**बोकारो :** सोनाटांड़ खटाल के रहने वाले 14 वर्षीय छात्र जो साइकिल से स्कूल जाने के क्रम मे बीएसएल एलएच की ओर से आ रही ट्रक जिसका नंबर जेएच 09 वी 2657 ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे छात्र सूरज कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहा के स्थानीय लोगों द्वारा निजी अस्पताल ले जाया गया जहां स्थिति चिंता जनक देख चिकित्सक ने रांची रेफर कर दिया । रांची जाने के क्रम में जैनामोड़ के पास बच्चे की स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने के कारण रास्ते में ही मौत हो गई। स्थानीय मुखिया रेणु देवी ने बताया कि परिजनों को जब तक ट्रक मालिक द्वारा उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है तब तक परिजन के साथ एनएच 32 को जाम रखा जायेगा ।

## दहेज हत्या का आरोपी सबूत के अभाव में रिहा

**बोकारो:** बोकारो के चतुर्थ जिला एवम सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा मिश्रा की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी आयुष कुमार को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया। सूचक ने बी एस सिटी थाना में आवेदन देकर कहा था कि आरोपी ने उसके पुत्री को दहेज के लिए तंग करता था जिसके कारण शादी के दो महीने के अंदर ही फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।आरोपी घटना के समय से ही जेल में बंद था। विचारण के पश्चात एस टी केस नंबर 99/24 में न्यायलय ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। आरोपी की ओर से युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बहस करते हुए कहा की आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पुलिस बेवजह निर्दोष को अपराधी बनाने पर तुली हुई थी। आरोपी ने कभी भी दहेज के लिए कोई दवाब नही बनाया था। दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद न्यायलय ने आरोपी आयुष कुमार को रिहा कर दिया।

## दुर्गा पूजा को लेकर निरसा अनुमंडल क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च

**धनबाद :** चिरकुंडा एसडीपीओ रजत मनीक बाखला के नेतृत्व में दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन के द्वारा चिरकुंडा थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया फ्लैग मार्च चिरकुंडा, कुमारधुबी, गल्फरबाड़ी पंचेत, निरसा, कालुबथान, एमपीएल होते हुए मैथन पहुंचा। एसडीपीओ बाखला ने बताया कि फ्लैग मार्च दुर्गा पूजा के बनाये गये विभिन्न पंडालो में सुरक्षा व्यवस्था को मुआयना करने, लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए निकाला गया। कहा कि सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी आम नागरिक त्योहारों का शांतिपूर्वक आनंद उठायें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अक्सर भीड़-भाड़ में खो जाते है। उनके लिए पंडालों में अनाउंसमेंट की व्यवस्था की जा रही है।

## पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक गोमो पहुंचे, निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**धनबाद :** पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार सोमवार दोपहर गोमो पहुंचे। उनके साथ धनबाद रेल मंडल के अपर प्रबंधक विनीत कुमार व मंडल अन्य पदाधिकारी साथ मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने चालक नियंत्रण कक्ष, चालक विश्राम गृह तथा विधुत लोको शेड का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे चालक नियंत्रण कक्ष पहुंचे व निरीक्षण किया। चालक नियंत्रण कक्ष स्टेशन के उत्तर दिशा में स्थित पुराने गार्ड विश्राम भवन में शिफ्ट होगा। इस जगह का जायजा लिया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष को बेहतर बनाने का निर्देश दिये।

# बोनस और एरियर में ठगना पड़ेगा महंगा : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** पिछ्ले बर्ष की तरह एन जे सी एस और सेल प्रबंधन कागज पर समझोता करने के बदले गुप्त समझौता के आधार पर अधिकार के बदले भीख के तोर पर बैंक खाता मे डालने के बिरोध मे जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से आज एस एम एस / सी सी एस बिभाग मे प्रदर्शन मे उपस्थित सेकडो इस्पातकमीर्यों और ठेकाकमीर्यों की उपस्थिति मे झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने आन्दोलन का शंखनाद किया । कार्यक्रम का संचालन संयुक्त महामंत्री एस के सिंह ने किया जबकि अध्यक्षा जे एल चौधरी ने किया । अपने संबोधन मे बि के चौधरी ने कहा कि जब जब एन जे सी एस और सेल प्रबंधन गठजोड ने मिलकर मजदूरों पर आर्थिक और मानसिक शोषण के साथ हक अधिकारों पर कुठाराघात किया है तब तब जय झारखंड मजदूर समाज मजदूरों के साथ मिलकर उन्हें रोकने का काम किया है। हाल मे जब प्रबंधन ने ब्लडप्रेशर और सुगर के नाम पर 28 दिन काम से बैठाने का काम किया था तो नन एन जे सी युनियन ने आन्दोलन के ताकत पर 11 जूलाई के हड़ताल को देखकर सहायक श्रमायुक्त के पास त्रिपक्षीय समझोता मे 7 दिन के लिए दबा सेवन हेतु करने पर प्रबंधन को मजबूर होना पड़ा था। साथ साथ बेतन मे से ठेकेदार को पैसा नही लोटाने पर काम से निकालने की परम्परा को रोकते हुए समझोता हुआ कि काम से निकालने के पूर्व ठेकेदार द्वारा लिखित आरोप नोटिस दिया जायगा जिसका सत्यता की जांच युनियन और इन्जीनियर इन्चार्य करेगा । साथ साथ ई एस आई अस्पताल मे जो दवा नही मिलता था जो अब मिलने लगा है इत्यादि ऐसा समझोता किया गया जो जिससे ठेकाकर्मी भय मुक्त होकर पूरा बेतन के साथ अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है । लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रबंधन से ज्यादा आज मजदूर एन जे सी एस के के तोर तरिका से परेशान है क्योंकि रिविजन के समय यही नेता मजदूरों मे ढ़ोल पीट-पीटकर कहा था कि 39 महिना का एरियर 6 माह के भीतर मिलेगा जवकि उसी समय से प्रबंधन कह रहा है कि एरियर का कोई बात नही हुआ था । यही नेताओं ने पिछ्ले बर्ष बोनस मे गुप्त समझोता प्रबंधन से कर मात्र 23000/= बैंक मे डलबाने का काम किया था जिसका बिरोध नन एन जे सी युनियन के साथ एन जे सी एस का भी दो युनियन ने किया था ठेकाकमीर्यों के साईकिल एलाउन्स, केन्टीन एवं रात्री पाली भत्ता इत्यादि के सबाल पर प्रबंधन ने लिखित दिया है यह सारी मांगे एन जे सी एस स्तर का है इसपर बोकारो प्रबंधन कुछ नही कर सकता है इसलिए जय झारखण्ड मजदूर समाज प्रबंधन को चेताबनी देने का काम कर रहा है कि ठेकाकमीर्यों कीष जो मांगे एन जे सी एस स्तर का है उस जल्द से जल्द पूरा करे साथ साथ 39, महिने का एरियर, 60000/= बोनस तथा 90% उत्पादन और मुनाफा मे सहयोग देने बाले ठेकाकमीर्यों को 8,33 बोनस के अतिरिक्त प्रोफिट लिंक रिवार्ड स्कीम के तहत कम से कम 20000/= रुपए का भुगतान जल्द करें क्योंकि जय झारखंड मजदूर समाज के द्वारा जो आन्दोलन का शंखनाद किया जा रहा है वह रूकेगा नही बल्कि चिमनी का धुंआ बन्द होने तक चलेगा।


# झूमर जैसे लोकनृत्य के आयोजन से बढ़ेगा झारखंड का सम्मान : अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रविवार के शाम बोकारो के नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फार्म में नींव फाउंडेशन के द्वारा देर रात तक डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को भाजपा नेता कुमार अमित, कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह, जवाहर महथा, प्रगति शंकर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता कुमार अमित ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश के पश्चिमी हिस्सा गुजरात के डांडिया नृत्य का आयोजन के माध्यम से सम्मान झारखण्ड में रहा है इससे देश की एकता-अखंडता और मजबूत होगी। अगर झारखण्ड के लोकप्रिय झूमर जैसे लोकनृत्य का आयोजन भी अगर देश के दूसरे हिस्से में हो तो इससे झारखण्ड के सम्मान बढ़ने के साथ-साथ एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भाव यहाँ नागरिकों में और दृढ़ता होगा। इसके लिए पहले हम झारखण्ड वासियों को झूमर, छऊ जैसे लोकनृत्य का आयोजन अपने राज्य मे व्यापक स्तर पर करना होगा। जब हम स्वयं अपनी संस्कृति का सम्मान करेंगे तभी देश के अन्य हिस्सों के लोग हमारे झारखण्ड की संस्कृति का सम्मान करेगें। कुमार अमित ने आयोजन समिति के बोकारो में डांडिया नृत्य का आयोजन हिन्दी गानों के साथ-साथ खोरठा, नागपुरी, भोजपुरी आदि गानों पर भी कराने का सुझाव दिया है। अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में स्वैगी सिंह राजपूत,अर्चना गोस्वामी, दीपक राणा, सागर गोस्वामी, विधान दत्ता, डीजे नितेश जैसे बाहर से आए कलाकारों ने उपस्थित लोगों को अपने गानों पर झूमाया।

# किसी के स्वास्थ्य से लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** सोमवार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं मलेरिया के रोकथाम, जांच एवं उपचार समेत विभिन्न बिंदुओं को लेकर समाहरणालय स्थिति कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया के जांच हेतु टेस्ट किट की उपलब्धता, जिले में पिछले 1 माह में हुए कुल जांच रिपोर्ट की समीक्षा, पॉजिटिव पाए गए मरीजों के इलाज की समीक्षा, दवाईयों की उपलब्धता, डेथ केस की समीक्षा, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की समीक्षा, एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव, वार्ड वाईज फॉगिंग और साफ सफाई कराने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की। सिविल सर्जन ने बताया कि मलेरिया व डेंगू के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर मच्छर के लार्वा की जांच कर रही है। उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप जांच नही करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जांच की गति को बढ़ाने एवं पॉजिटिव मरीजो को सही उपचार देने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी के स्वास्थ्य से लापरवाही करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने बाघमारा, निरसा एवं गोविंदपुर में एन्टी मलेरिया प्रोग्राम की खराब स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आखिरी तीन महीने में डेंगू एवं मलेरिया से हुए मरीजों के डेथ की रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया।

# कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मो जावेद रजा ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** जिला प्रवक्ता सह जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मो० जावेद रजा ने आज पचगढ़ी बाजार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कांग्रेस के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष ने कहा था कि उन्हें श्यामडीह में होने वाले कांग्रेस के जन संवाद अभियान लक्ष्य कार्यक्रम की जानकारी जिला अध्यक्ष द्वारा नहीं दिया गया। जावेद राजा ने बताया कि जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के द्वारा कई बार कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो को दिए और कहा कि कार्यक्रम का चुका है तैयारी कीजिये। लेकिन प्रखंड अध्यक्ष ने कार्यक्रम को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई तब जाकर कार्यक्रम करने की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष ने मुझे दिया। मैंने भी प्रखण्ड अध्यक्ष को कार्यक्रम की जानकारी दी कि सुबोधकांत सहाय जी का कार्यक्रम है। उन्होंने भी अपने कांग्रेस के व्हाट्सएप ग्रुप में कार्यक्रम वाला पोस्ट शेयर किया और सबसे बड़ी बात की जब कार्यक्रम की जानकारी नही थी तो कार्यक्रम में पहुंचे कैसे। इसलिए यह कहना गलत है कि उन्हें कार्यक्रम की जानकारी नही थी। कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिलने के बाद आनन फानन में मैंने कार्यक्रम का जितना बेहतर तैयारी कर सका किया। कार्यक्रम सफल भी हुआ। प्रखंड अध्यक्ष ने एक भी पंचायत में कमेटी का गठन नहीं किया। प्रवक्ता जावेद रजा ने प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज तक प्रखंड अध्यक्ष ने एक भी पंचायत में कमेटी का गठन नहीं किया। पूरे धनबाद जिले में सभी जगह पंचायत कमेटी का विस्तार हुआ लेकिन बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष एक भी पंचायत कमेटी का गठन नहीं कर सके।

# डांडिया नाईट में महिलाओं की उमड़ी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बाघमारा :** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित दि रिवाज में नव रात्रि की शुभ उपलक्ष्य में डांडिया नाईट का आयोजन हुआ कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर कांग्रेस नेता रोहित यादव ने किया। कार्यक्रम में धनबाद, झरिया, कतरास , बाघमारा सहित जिले के कोने कोने से महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई .डांडिया में डी जे के धुन पर माँ दुर्गा की आराधन में महिलाएं खूब थिरकी ,कतरास क्षेत्र में पहली बार हुई इस तरह के आयोजन को लेकर महिलाएं व बच्चियां काफी प्रफुल्लित दिखी नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरावाली की धुन पर महिलाएं, युवती, कपल, एवं पारिवारिक समूह एक साथ बड़े लॉन में माता रानी के लिए नृत्य करती दिखी कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी के भजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में द रिवाज कि टीम के डॉ ऋतुराज ,कौशल सिंह, सोनू विश्वकर्मा ,कुमारी आकृति, कुमार दीपेंद्र ,सहित अन्य लोग शामिल थे ।

# रोटरी के 'ट्विन सिटी मीट' का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा पॉल हैरिस ऑडिटोरियम, सेक्टर 4 में रोटरी क्लब ऑफ धनबादके साथ मिलकर 'ट्विन सिटी मीट' का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों ही क्लब के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रोटरी में 'ट्विन सिटी मीट' का मुख्य उद्देश्य पड़ोसी क्लबों के बीच सद्भावना और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देना होता है। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रो. महेश गुप्ता ने सभी अतिथियों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए किया। इसके बाद रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष रो. राहुल व्यास ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि, रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व निदेशक रो. कमल संघवी और गेस्ट ऑफ ऑनर रो. अनु नारंग ने अन्य पूर्व मंडलाध्यक्षों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के समय ऐनी श्रीमोयी ने अपनी मधुर वाणी में मंत्रोच्चारण किया, जो सभी उपस्थित अगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर गया। गेस्ट ऑफ ऑनर रो. अनु नारंग ने सभा को संबोधित करते हुए इस वर्ष के थीम 'मैजिक ऑफ रोटरी' की विस्तार से व्याख्या की। अंत में, मुख्य अतिथि कमल संघवी ने रोटरी के व्यापक उद्देश्यों के साथ साथ सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कई नए सदस्यों के साथ साथ पुराने सदस्यों को भी क्लब में पुनः सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 14 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। रो. अनु नारंग ने सभी सदस्यों को रोटरी का 'लेपल पिन' लगाकर उनके रोटरी परिवार का अंग बनने की विधिवत घोषणा की और शुभकामनाएं दी। इन में पुष्पा केजरीवाल, कुंजला नारायण, स्वागतिका प्रधान, नीलम दास, अंजना लोढ़ा, डॉ. शिवम त्रिपाठी, माला त्रिपाठी, नमिता श्रीवास्तव, उत्तम त्रिपाठी, सीमा गिरी, उर्मिल जैन, रेवा छाबड़ा, प्रीताशा त्रिपाठी और उत्पल मुखर्जी शामिल थे। कुल 11 महिलाए और 3 पुरुष सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। धन्यवाद ज्ञापन रोटरी धनबाद के सचिव कानव दत्त बाली में दिया। मंच का सफल संचालन पूर्व रोटरी मंडलाध्यक्ष महेश केजरीवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद क्लब की महिला समिति द्वारा डांडिया और रास गरबा का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका संचालन रो. अलका गुप्ता और रो. संध्या राज ने किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों और अतिथियों को नृत्य में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में ओ.एन.जी.सी. के परिसंपत्ति प्रबंधक एवं अधिशासी निदेशक आदित्य जौहरी, मुख्य महाप्रबंधक बलबीर सिंह, महाप्रबंधक दिलीप कुमार; सेल, एस.आर.यू के अधिशासी निदेशक पी.के. रथ; सेल,बी.एस.एल. पी.के.नायक, मुख्य महाप्रबंधक, (इंटरनल ऑडिट; बी. मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक, सी.आर.एम.। नगर के विख्यात चिकित्सक डॉ. सतीश, डॉ. अनिल अग्रवाल इत्यादि शामिल थे। इस के अलावा, रोटरी क्लब ऑफ चास और रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स के सदस्यों ने भी काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ किया भंडाफोड़



**धनबाद:** बरोरा पुलिस को अवैध शराब कारोबारियो के खिलाफ वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है।पूरे मामले में एक प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा है कि धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात्रि बरोरा थाना अंतर्गत लेडीडूमर पूल के पास वाहन चेकिंग लगाया गया था चेकिंग के दौरान सफेद रंग का फोर्ड एंडिवर गाड़ी को रोका गया तो गाड़ी चालक भाग निकले,जब गाड़ी की सर्च किया गया तो करीब 1000 हजार लीटर अंग्रेजी शराब बनाने की स्प्रिट पाया गया।और अंग्रेजी और देशी शराब की कार्टून सहित बोतल भी बरामद हुआ है। पुलिस आगे की अनुसंधान में जुट गई है,अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री की छानबीन भी की जा रही है।

## सांसद ने दुर्गा पूजा मंदिर का मुआयना व पंडाल का किया शिलान्यास




**धनबाद :** सोमवार को कतरास के मालगोदाम दुर्गा पूजा मंदिर का मुआयना सह पूजा पंडाल का सांसद प्रतिनिधि सह बाघमारा के भावी विधायक शरद महतो व समाजसेवी बशिष्ठ चौहान ने संयुक्त रूप से किया, मुआयना के दौरान उन्होंने कहा कि काफी दिनों से मंदिर जर्जर थी,पूजा कमिटी के आग्रह पर मंदिर का जिंणोर्धार का नींव रखा गया। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद भरत राम,सन्नी कुमार, आनंद यादव, राकेश सिंह,अनिल मिर्धा,चुनचुन गुप्ता, पूजा कमिटी के सचिव सुरेन्द्र प्रसाद, बिमल कुमार, सत्यजीत कुमार, प्रवीण सिंह, संतोष कुमार, दिनेश राम,विशाल बजरंगी, सौरभ कुमार,जितेन्द्र कुमार,उत्तम गुप्ता, विपिन यादव, दिनेश पासवान,बिजय पासवान, अमन रवानी सहित पूजा कमिटी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## आठवां नेशनल पिकल बॉल चैंपियनशिप में झारखंड की टीम का रहा शानदार प्रदर्शन




**धनबाद:** तीन दिवसीय आठवां नेशनल पिकल बॉल चैंपियनशिप का रविवार को पानीपत में पुरुस्कार और समापन समारोह संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने प्रभात कुमार के नेतृत्व में दमदार प्रदर्शन किया। जिसमें झारखंड के प्रतिभावान खिलाड़ी सोनू कुमार ने पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन को हरा कर गोल्ड मेडल जीता।जबकि झारखंड के आदित्य प्रजापति और जीगर विश्वकर्मा ने महाराष्ट्र के टीम को हरा कर कांस्य पदक बालक वर्ग मे जीता और मो. शाहिद और चंदन प्रजापति ने पुरुष वर्ग मे कांस्य पदक जीता।झारखंड पिकलबॉल उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड की टीम का चयन किया था जिसमें वे खरे उतरे उन्होंने सोनू,आदित्य प्रजापति ,जीगर विश्वकर्मा मो. शाहिद, चंदन एवं झारखंड के सभी प्रतिभागियों को प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए बधाई दिया और कहा की शीघ्र ही पिकलबॉल के और भी टूनार्मेंट आयोजित की जाएगी जिसमें भारत में तेजी से उभर रहे इस खेल में लोकल खिलाड़ियों का विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूनार्मेंट में चयन हो सके।

## एसडीओ कोर्ट में जल्द ही अधिवक्ता कर सकेंगे कार्य



**बोकारो:** चास एसडीओ कोर्ट के अधिवक्ताओं को नए भवन में बैठने को लेकर तीन दिनों से गतिरोध चल रहा था, जिसका आज निराकरण हो गया। एसडीओ श्री ओम प्रकाश गुप्ता और चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह के मौजूदगी में अधिवक्ता प्रतिनिधियों से सकारात्मक बात हुइ। एसडीओ ने आश्वासन दिया की जल्द ही अधिवक्ताओं को नए परिसर में बैठने की व्यवस्था किया जायेगा तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर जहां पूर्व में अधिवक्ता लोग बैठ रहे थे वही से कार्य करेंगे। वार्ता में संघ के प्रभारी महासचिव श्री महेश चौधरी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ शेखर, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि, कार्यकारिणी सदस्य श्री अतुल कुमार, मृत्युंजय मल्लिक, सम्पूर्ण चंद्र लायक, कामदेव पाठक, अमरेश कुमार, परीक्षित कुमार यादव, चंडी चरण महतो, अनिल महतो, अनंत कुमार पांडेय, एस डी पांडेय, कमल प्रकाश महतो विश्वजीत कुमार, समेत कई अधिवक्ता मौजद थे। एसडीओ कोर्ट में कल से पूर्व की तरह न्यायिक कार्य सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा। ज्ञात हो कि तीन दिनों से अनुमंडल कोर्ट के अधिवक्तागण न्यायलय का बहिष्कार कर रहे थे। जिसके कारण कोई न्यायिक कार्य नहीं हो रहा था।

एक नजर

## रांची में मिला नवजात का शव

**रांची :** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर रोड नंबर-1 से सोमवार की सुबह कचरे के ढेर में प्लास्टिक में लिपटा नवजात (शिशु )का शव मिला। नवजात के शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत होने के बाद उसे कचरे में फेंक दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। साथ ही आरोपित की तलाश कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## कमलेश कुमार ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची :** जमीन माफिया कमलेश कुमार ने सोमवार को जमानत की गुहार लगाते हुए पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की कोर्ट में याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर मंगलवार को अदालत में सुनवाई होगी। मामले में जमानत की गुहार चार्जशीट दाखिल करने के बाद लगाई है। ईडी ने 24 सितंबर को कमलेश सिंह सहित छह के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। आरोपित कमलेश को ईडी ने 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। ईडी की छापेमारी के दौरान उसके आवास से एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी मिली थी। साथ ही 100 जिंदा कारतूस भी ईडी ने बरामद किया था।

## छवि रंजन की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई 14 को

**रांची :** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर अब वार्षिक अवकाश के बाद सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 14 नवंबर निर्धारित की है। मामले में सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित थी लेकिन कोर्ट नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में छवि रंजने ने खुद को निर्दोष बताते हुए 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। छवि रंजन सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाले में भी आरोपी हैं।

## कमल किशोर सिंह बने नामकुम के नये सीओ

**रांची :** राज्य सरकार ने 19 झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में सोमवार को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार विजय हेमराज खलखो को पश्चिम सिंहभूम के मझगांव का सीओ, पंकज कुमार भगत को सिमडेगा के बांसजोर का सीओ, चोनाराम हेंब्रम को करमाताड़ जामताड़ा के करमाटांड का सीओ बनाया गया है। इसी प्रकार शंभू राम को सिमडेगा के जलडेगा का सीओ, मनोज कुमार को पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर का सीओ, संजय पांडे को गिरिडीह के जमुआ का सीओ, निशांत अंबर को पूर्वी सिंहभूम घाटशिला का सीओ, हेमंत लाल महतो को जामताड़ा के फतेहपुर का सीओ, विजय कुमार को लातेहार के बालूमाथ का सीओ, तृप्ति विजय कुजूर को खूंटी के अड़की का सीओ, पवन कुमार को पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया का सीओ, कमल किशोर सिंह को रांची के नामकुम का सीओ, रामप्रवेश कुमार को गुमला के डुमरी का सीओ, राकेश कुमार तिवारी को पलामू के बिश्रामपुर का सीओ, मोहम्मद मोदस्सर नजर मंसूरी को लोहरदगा के सेन्हा का सीओ, फुलेश्वर साहू को पश्चिम सिंहभूम के खूंटपानी का सीओ, विजय कुमार दास को चतरा के टंडवा का सीओ, अरुणिमा एक्का को रांची के सिल्ली का सीओ, प्रवीण कुमार सिंह को धनबाद के बलियापुर का सीओ बनाया गया है।

# रांची में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, 1000 से अधिक स्वयंसेवक हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची महानगर की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस) ने रविवार रात श्री विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया । यह उत्सव संघ की स्थापना के 19 वें वर्ष के अवसर पर मनाया गया। इसकी शुरूआत 1925 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। इस अवसर पर, 1000 से अधिक स्वयंसेवकों ने 5 किमी के पथ संचलन में भाग लिया, जो शास्त्री मैदान से शुरू होकर ऑक्सफोर्ड स्कूल, बहुबजार चौक, श्रीराम मंदिर, और शिशु मंदिर होते हुए शास्त्री मैदान में संपन्न हुआ। पथ के संचलन के मार्ग में विभिन्न स्थानो पर लोगों द्वारा फूल बरसा कर पथ संचलन में लगे




स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति 500 से अधिक रही, जिसमें मातृशक्ति की उपस्थिति विशेष रूप से प्रेरणादायक रही।

मुख्य अतिथि इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा, ने संघ की अनुशासनप्रियता की तारीफ की और कहा कि ऐसी अनुशासनप्रियता उन्होंने अपने सैनिक स्कूल के बाद आज इस कार्यक्रम में देखी। झारखंड प्रांत के प्रांत प्रचारक ने कहा कि संघ पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद, संघ के स्वयंसेवकों ने दुगनी गति से राष्ट्र कार्य और राष्ट्र जागरण में काम किया है।

उन्होंने कहा कि संघ के प्रयासों का परिणाम धारा 370 के रूप में जम्मू-कश्मीर में देखा जा सकता है, जहां संघ ने 1960 के दशक में जम्मू- कश्मीर अध्ययन केंद्र बनाया था। पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने के प्रयासों के बावजूद, संघ के प्रचारकों के मेहनत से वहां की स्थिति बदली है।

### उन्होंने 4 प्राण पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें

**पर्यावरण :** पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन (परिवार प्रबोधन), नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता स्व-बोध (स्वदेशी) शामिल है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हम शस्त्र की पूजन का शक्ति की उपासना करते हैं ताकि सज्जन शक्तियों को जागृत कर समाज में बदलाव लाया जा सके। लेकिन हमें शस्त्र के शास्त्र पर भी ध्यान देना होगा, हमें बल के साथ विवेक पूर्ण ज्ञान भी चाहिए। संघ शताब्दी कार्यक्रम में कोई विशेष कार्यक्रम नहीं करेगा, केवल एक ही काम करेगा हर बस्ती शाखा युक्त हो। इस कार्यक्रम में देव व्रत पाहन ( क्षेत्र संघचालक), सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह, विभाग संघचालक विवेक भासीन, महानगर संघचालक पवन मंत्री सहित संघ एवं अनुसांगिक संगठनों के अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## एनसीएसटी की सदस्य ने जनजातियों के साथ किया संवाद

**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने सोमवार को अनगड़ा प्रखंड कार्यालय में जनजातियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों की जानकारी दी। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई। जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आए। मसना और सरना स्थल की घेराबंदी नहीं कराई गई है। इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आए। सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

# मैं खुद भरवाऊंगा गोगो दीदी योजना का फॉर्म सरकार दर्ज कराए मुकदमा : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** चुनाव आयोग द्वारा राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जिला पदाधिकारियों को अपने एक्स हैंडल से दिए गए निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान एवम समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। ऐसा लगता है उन्हे संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों



में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके।हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जाएं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को एक बार फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपाकार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं से अपील करता करते हुए कहा कि वे गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के कार्य को हर घर तक पहुंचाएं।

राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्थान के लिए इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें। आपकी मेहनत से राज्य की महिलाएं सशक्त होंगी और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। सभी कार्यकर्ता बंधुओं को आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि मैं खुद भी स्वयं आप लोगों के साथ मिलकर अपनी माताओं बहनों के बीच जाकर उनकी उन्नति और प्रगति के लिए गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाऊंगा। भाजपा कार्यकर्ता महिला कल्याण केलिए हजारों केस मुकदमा,लाठी गोली खाने को तैयार हैं।

# 2006 से बंद पड़े डकरा के केंद्रीय विद्यालय में अगले सत्र से शुरू होगी पढ़ाई : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नवरात्र पर डकरा खलारी क्षेत्र को रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने सौगात दी है। वर्ष 2006 से बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय एक बार पुन आरंभ होने वाला है। आने वाले सत्र 2025-26 से यहां पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। इस आशय की जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को दी।

सेठ ने कहा कि डकरा खलारी का केंद्रीय विद्यालय पुनः आरंभ हो। यहां के बच्चों को अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था, अच्छा शैक्षणिक माहौल मिल सके, इस दिशा में उनका प्रयास सांसद बनने के साथ ही 2019 से जारी था। कोयला मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय के बाद अब सुखद परिणाम सामने आया है।

सीसीएल के जरिये पुनः उस केंद्रीय विद्यालय को आरंभ करने



का प्रस्ताव दिया गया, जिसे शिक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। इसे आरंभ करने की स्वीकृति भी दे दी है। शैक्षणिक क्षेत्र 2025-26 से इस विद्यालय में नामांकन और पढ़ाई शुरू हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्रीय विद्यालय के पुराने भवन को ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस भवन को बेहतर स्थिति में बनाकर विद्यालय का पठन पाठन का कार्य आरंभ किया जाएगा। इसके बाद बहुत जल्द नया भवन भी तैयार होगा। इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है। नया भवन बिल्कुल अत्याधुनिक होगा, जहां बच्चों के लिए कई सुविधाएं मौजूद होंगी। सेठ ने कहा कि यहां केंद्रीय विद्यालय के आरंभ होने से क्षेत्र के कामगारों ग्रामीण नागरिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सकेगी।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल और प्रयास के धरातल पर उतरने से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों में हर्ष है। क्षेत्र के लोगों ने रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को संवैधानिक ज्ञान का अभाव : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** चुनाव आयोग की ओर से राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जरिये जिला पदाधिकारियों को अपने एक्स हैंडल से दिए गए निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने सोमवार को कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान और समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। ऐसा लगता है उन्हे संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं।

मरांडी ने कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना के जरिये भाजपा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपये प्रति माह भेजे जाएंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जाएं।

मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बार फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपा कार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के कार्य को हर घर तक पहुंचाएं। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्थान के लिए इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें।

# सांप्रदायिक सोच का प्रयोगशाला न बनाए आरएसएस-भाजपा : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड को अपनी सांप्रदायिक सोच की प्रयोगशाला बनाने की कोशिश आरएसएस और भाजपा ना करें। झारखंडवासी अपना हित-अहित भली भांति समझते हैं। असम से भागे घुसपैठियों को शिवराज जी भाजपा शासित राज्यों में खोजें। शिवराज सिंह चौहान द्वारा झारखंड में एनआरसी लागू किए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने जवाब देते हुए कहा कि 8 वर्षों से असम में और 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है, लेकिन असम के रास्ते देश में घुसपैठ जारी है। चौहान को असम के मुख्यमंत्री हिमंता



विस्वा सरमा से जवाब मांगना चाहिए कि असम में एनआरसी की कवायद भाजपा शासन काल में वर्षों से चल रहा है, उसका क्या प्रतिफल निकला। कितने घुसपैठियों की पहचान की गई। जिनकी पहचान की गई, आज वह कहां है। हकीकत यह है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की नाकामी के कारण असम के रास्ते देश में घुसे लाखों घुसपैठिए देश के अन्य भाजपा शासित राज्य में फैल चुके होंगे,कार्रवाई करने की बजाय भाजपा उन्हें सेफ जोन उपलब्ध करा रही है।


### एनआरसी के नाम पर करीब 250 करोड़ घोटाले का कैग कर चुका है खुलासा

उन्होंने कहा कि असम में भाजपा सरकार के समय एनआरसी के नाम पर लगभग 250 करोड़ रुपए घोटाले की बात कैग की रिपोर्ट में आ चुकी है। लेकिन झारखंड में असम के मुख्यमंत्री इसपर चुप रहते हैं। असम में एनआरसी के फेल होने के बाद आरएसएस के इशारे पर झारखंड में एनआरसी लागू कर भाजपा आदिवासियों को ही यहां के प्राकृतिक संसाधनों से दूर करना चाहती है। शांति ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान असम के संबंध में एनआरसी की वास्तविक रिपोर्ट जारी कर उसकी वैधानिकता प्रमाणित करें और झारखंडी जनता को बताएं कि क्या उन्होंने मुख्यमंत्री रहते मध्यप्रदेश में ऐसी कोई कवायद की थी क्या।

झारखंड इनके किसी सांप्रदायिक मुद्दे की प्रयोगशाला नहीं बनेगा। झारखंड का चुनाव घुसपैठ और एनआरसी नहीं बल्कि झारखंड के आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा को सलाह है कि अपनी सोच बदले, क्योंकि जनता ने इनका असली रूप देख लिया है।

संक्षिप्त खबरें

## 10 को खुलेगा रातू किला का पट



**रांची :** रातू किला में दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रातू किला प्रबंधक दामोदर मिश्रा ने सोमवार को कहा कि 10 अक्टूबर को महासप्तमी नवपत्रिका आगमन के साथ ही श्रद्धालु रातू किला में मां भगवती का दर्शन करेंगे और 11 अक्टूबर को सुबह 6.48 बजे संधि पूजा होगी। इसी दिन महानवमी पूजा और दोपहर में बलि। 12 अक्टूबर को विजयादशमी पूजा-हवन के बाद शाम चार बजे मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 10 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक सिर्फ तीन दिन ही किला के अंदर आम श्रद्धालु जाकर मां भगवती का दर्शन करेंगे।

## भाजपा की सांगठनिक कार्यक्रमों में सरकारी हस्तक्षेप अवैध : हिमंता



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार के जरिये किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

## भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**रांची :** भाकपा (माले) लिबरेशन के विधायक व प्रात्युक्त विधान समिति के सभापति विनोद सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर तुरंत कैबिनेट बैठक कर लैंड बैंक नीति व भूमि अधिग्रहण कानून संशोधन रद्द करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व की भाजपा-आजसू सरकार ने 2016 में लैंड बैंक बनाया था, जिसके तहत राज्य के 22 लाख एकड़ सामुदायिक व गैर-मजरुआ जमीन को चिन्हित कर लैंड बैंक में पंजीकृत किया गया था। इसके तहत कोई भी कंपनी किसी भी समय लैंड बैंक में डाले गए जमीन को चिन्हित कर बिना ग्राम सभा की सहमती के अधिग्रहण की मांग कर सकती है। सामुदायिक भूमि को लैंड बैंक में डालने से पहले ग्राम सभाओं की सहमती भी नहीं ली गयी थी। यह भी कहा गया है कि रघुवर दास सरकार ने 2018 में भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 बनाकर भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 में अहम संशोधन किया था। भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 के तहत निजी व सरकारी परियोजनाओं के लिए बिना ग्राम सभा की सहमति व सामाजिक प्रभाव आंकलन के बहुफसलीय भूमि समेत निजी व सामुदायिक भूमि का जबरन अधिग्रहण किया जा सकता है। विनोद सिंह ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 व लैंड बैंक नीति स्पष्ट रूप से पेसा कानून एवं सीएनटी-एसपीटी कानून का उल्लंघन करते हैं। साथ ही राज्य के आदिवासी-मूलवासियों का सामुदायिक जल, जंगल, जमीन के साथ आजीविका के अलावा सांस्कृतिक जुड़ाव है। यह दोनों नीति व कानून किसी भी तरीके से झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान व वंचितों के पक्ष में नहीं हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया है कि गठबंधन दलों ने इन दोनों नीतियों का व्यापक विरोध किया था और इन्हें रद्द करने का वादा किया था। पिछले पांच सालों में राज्य के आदिवासी-मूलवासी व विभिन्न जन संगठन लगातार इसका विरोध करते रहे हैं और इन्हें रद्द करने की मांग करते रहे हैं। इसलिए इन्हें रद्द करना जन अपेक्षा अनुरूप कार्रवाई होगी।

## खाटू नरेश का हुआ केसर-चंदन तिलक



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज बाबा श्याम का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। अमावस्या के महास्नान के बाद आज बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए। 5:30 बजे के मंगला आरती के बाद बाबा श्याम का पर्दा लगाकर सुबह का प्रथम श्रृंगार श्यामल रूप में किया गया। 8.30 बजे की श्रृंगार आरती एवं 12.15 की विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंदिर के आचार्यों द्वारा बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को नवीन पोशाक बागा पहनाकर गुलाब रूह लगाया गया। कोलकाता से मंगाए गए पीला गेंदा लाल गेंदा मॉर्गन मोती माला सॉन्ग ऑफ इंडिया रंगन माला तुलसीदल रजनीगंधा की मोटी मोटी फूल मालाओं से बाबा को सजाकर पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। संध्या 4:30 बजे के बाद बाबा श्याम ने भक्तों को दर्शन दिए। आज के विशेष श्रृंगार सेवा मनोज माधवी सिंह द्वारा नवीन बागा सेवा विश्वनाथ पोद्दार आनंद पोद्दार द्वारा एवं पंचमेवा भोग सेवा आदित्य कुमार सिंह द्वारा निवेदित की गई थी।

## व्यक्तिगत विकास और टीम बिल्डिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

**रांची :** झारखंड सरकार और रांची जिला प्रशासन के सहयोग से सोमवार को सोनाहातू प्रखंड सभागार में पीरामल फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत विकास और टीम बिल्डिंग विषयक इस कार्यशाला में तीन प्रखंडों के पदाधिकारी शामिल हुए। पीरामल फाउंडेशन विगत वर्ष से रांची जिले में जलवायु परिवर्तन पर जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'डीप डाइव इनिशिएटिव' पर कार्य कर रही है। इसी के तहत झारखंड सरकार और रांची जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोनाहातु, तमाड़ एवं राहे प्रखंड के पीएचडी, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों के लिए व्यक्तिगत विकास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुरूआत सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं चेतना गीत कर किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मनोरंजक एक्टिविटी और खेल के माध्यम से व्यक्तिगत विकास, टीम भावना, सहयोग एवं समानुभूति की भावना तथा प्रतिदिन कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं, कारणों एवं उनके समाधानों का विकास करना है। इसके तहत सभी ने एक-दूसरे के विषय में उनके निपुणता, उनकी समस्याएं, कार्य करने में उत्साह या निराशा कब आती है आदि सवालों को एक दूसरे के बीच साझा किए।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में बाइक चोरी के आरोपी की मौत

**गोड्डा :** जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बासमुण्डी गांव में संदिग्ध हालात में 42 वर्षीय आसिफ अंसारी की मौत हो गई। मृतक पचरुखी गांव का निवासी था और ससुराल में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आसिफ अंसारी कई मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में शामिल था और उस पर विभिन्न थानों में मामले दर्ज थे। हाल ही में हंसडीहा थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में भी उसका नाम सामने आया था। पुलिस जांच में पाया गया कि घटना से पहले पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह घर से भाग निकला था। अगले दिन उसकी पत्नी ने उसे बासमंडी के कमार डांड़ी इलाके में एक पेड़ के नीचे मृत पाया। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आसिफ की मौत कैसे हुई। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और मृतक के परिजनों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

### प्रखंड में दर्जनों स्थानों में स्थापित होगी मां दुर्गा की मूर्ति



**पटमदा :** पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के दर्जनों स्थानों में माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। इसकी क्रम में कई प्राचीन स्थाई मंदिरों में तो कई पंडाल बनाकर पूजा पाठ किया जाएगा। जिसमे पटमदा बाजार, बेलटांड चौक, भुला चौक, दगड़ीगौड़ा, बांगुडदा, कश्मार, बनकुचिया, बाघरा, लक्षिपुर, घोड़ाबांधा, कुलटांड, भादूडीह सहित कई गांव शामिल हैं।

### पंचायत के पंसस मणि कुंभकार के पहल पर अबुआ आवास लाभुकों का हुआ जिओ टैग



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के काशमार पंचायत की पंसस मणि कुंभकार के पहल पर सोमवार को काशमार गांव के करीब 20 अबुआ आवास योजना के लाभुकों का आवास निर्माण हेतु जिओ टैग किया गया। इस संबंध में पंसस मणि कुंभकार ने बताया कि काशमार पंचायत में कुल 257 आवास विहीन लोगों का आवास निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई हैं। जिसमें अधिकांश लाभुकों का जिओ टैग कर लिया गया है। काशमार गांव के 20 लाभुकों का जिओ टैग कार्य नही हो पा रहा था। गांव में जाकर मैने पहल किया। इसके बाद पंचायत सचिव गुलाम हुसैन ने सभी योग्य लाभुकों का जिओ टैग किया है।

### डीएस डॉ मोहन मुर्मू एवं सहयोगी डॉक्टर मुकेश कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल के नए उपाधीक्षक डीएस डॉ मोहन मुर्मू ने सोमवार को प्रभार ग्रहण किया। इससे पहले डॉक्टर रंजन कुमार पद से मुक्त कर तालझारी स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया गया। इस दौरान डॉक्टर मोहन मुर्मू ने कहा कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ व सुचारू बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ईलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# सारंडा जंगल के वन्यप्राणियों को बचाने के लिए ग्रामीण करें उलगुलान : डीएफओ

- सावनों को आग से बचाएं, तभी सारंडा विश्व का प्रसिद्ध जंगल होगा
- गुवा वन प्रक्षेत्र एवं टाटा स्टील की विजय टू खदान के संयुक्त तत्वावधान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत गुवा वन प्रक्षेत्र एवं टाटा स्टील की विजय-टू लौह अयस्क खदान प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बराईबुरु स्थित वन विश्रामागार प्रांगण में 70वां वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा मौजूद थे। इसमें डीएफओ सिन्हा ने कहा कि वन्यप्राणी अपराध की सूचनायें काफी पीड़ादायी होती हैं। इसके खिलाफ हमें कार्यवाही करनी पड़ती है। भारतीय वन्यप्राणी अधिनियम में 2022 में संशोधन हुआ है। इसके तहत अपराध करने वालों के खिलाफ 7 साल की सजा है। यह अपराध किसी भी परिस्थिति में नहीं होना चाहिए, क्योंकि केन्द्र सरकार के स्तर पर भी इसकी रिपोर्ट की जाती है। वन्यप्राणी जब तक हैं तब तक सारंडा का मोल है, इसीलिये पर्यटक यहां आते है। पर्यटक आजीविका का बड़ा स्त्रोत हैं। देश के अन्य जंगलों की तुलना में सारंडा अनेक प्रकार के वन्यप्राणियों, खासकर हाथियों का मुख्य आश्रय स्थल है। सारंडा के मानकी-मुंडाओं, जनप्रतिनिधि व तमाम ग्रामीण वन व वन्यप्राणियों की रक्षा हेतु उलगुलान करना चाहिए। तभी सारंडा आगे भी विश्व प्रसिद्ध रहेगा। वन विभाग सारंडा के विभिन्न गांवों में आजीविका के नये नये प्रयास व कार्य कर रहा है। यह एक सप्ताह भर का कार्यक्रम नहीं बल्कि सालों चलने वाला कार्य होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि संलग्न पदाधिकारी आईएफएस नीतीश कुमार ने कहा कि वन व वन्यप्राणियों का एक-दूसरे से अटूट नाता है। जंगल कटने से वन्यप्राणी असुरक्षित और उनसे आम जनता असुरक्षित हो रही है। जंगल की आग तमाम प्रकार की विपदा लाती है। पर्यावरण व प्राकृतिक नदी-नाला प्रदूषित होते हैं। भूमिगत जल स्तर घट रहा है। पर्यटकों के कम आने से लोगों को रोजगार व आर्थिक नुकसान हो रहा है। अनमोल वन औषधि नष्ट हो रही है। वनों में रहने वाले तमाम लोगों के सामूहिक प्रयास से जंगल व जंगल में लगने वाली आग से बचाया जा सकता है. वन विभाग समय-समय पर ग्रामीणों व बच्चों के बीच जागरुकता अभियान चला रही है। आपका सहयोग जरुरी है। अंधविश्वास का सहारा ग्रामीण सांप आदि विषैला जानवर काटने पर नहीं लें। रेंजर परमानन्द रजक ने कहा कि वन है तो हम और जीव जन्तु है। सभी जीव स्वयं संतुलन बनाये रखते हैं। सभी जीवों का संरक्षण जरुरी है।

## जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगांज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्थापना समिति, अनुकम्पा समिति, शिक्षा स्थापना समिति, स्वास्थ्य स्थापना समिति, चौकीदार स्थापना समिति तथा सभी विभागों में रिक्त पदों को भरने हेतु महत्त्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने पिछले स्थापना समिति के बैठक में लिए गए निर्णय की कार्रवाई के विषय में विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला स्थापना समिति अंतर्गत कुल 14 मामले उपायुक्त के समक्ष रखे गए। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु मामलों को समिति के समक्ष रखा गया। जिला स्थापना समिति अंतर्गत 14 मामलों को समिति के समक्ष रखा गया जीस पर कुल 04 आवेदन पर उपायुक्त द्वारा स्वीकृत किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, कल्याण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एक-एक मामले पर विचार करते हुए अग्रेतर कार्यवाही हेतु आवश्यक एवं उचित निर्देश दिया गया। बैठक में एक मामला का निष्पादन कर दिया गया उपायुक्त ने निष्पादित मामलों के अनुशंसा की अनुमति देते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त सती ने बचे हुए लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए बाकी मामलों की स्पष्ट रिपोर्ट तैयार करने एवं उनके जिला स्थापना समिति की रिवाइज सूची बनाने का भी निर्देश दिया उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से लंबित मामलों का अग्रेतर कार्रवाई कर पूर्ण करने का निर्देश दिए।

## 5 करोड़ 92 लाख की लागत से बननेवाली उच्चस्तरीय पुल का विधायक ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहेबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत साहिबगंज सदर प्रखण्ड के पंचायत गंगा प्रसाद पूरब के पत्थरघाट गंगोटा टोला के पास 5 करोड़ 92 लाख 22 हजार 1 सौ की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होगा। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने सोमवार को पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। राजमहल विधायक अनन्त ओझा के अनुशंसा पर पुल का निर्माण होगा,यह पुल उच्चस्तरीय बनेगा। जिसकी लम्बाई 90.70 मीटर रहेगा। इस ग्रामीण क्षेत्र में पुल निर्माण हो जाने से पंचायत हर प्रसाद,गंगा प्रसाद मध्य,गंगा प्रसाद पूरब मध्य में रहने वाले ग्रामीणों को आवागमन में आसानी हो जाएगी। साथ ही इस पुल निर्माण से पीडब्ल्यूडी सड़क शोभनपुर-किशन प्रसाद मखमल पुर दक्षिण और उत्तर से भी सीधा जुड़ जाएगा। पुल नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था,नाव से जाना पड़ता हैं बीमार आदमी को ले जाने के लिए सोचना पड़ता था बरसात के मौसम यही सब देखते हुए ग्रामीणों ने राजमहल विधायक से पुल की मांग की थी जिसे राजमहल विधायक ने पूरा किया। ये पुल बन जाने से लम्बा रास्ता नहीं तय करना पड़ेगा। लोग अब जल्दी ही मुख्य सड़क पर पहुँच जायँगे। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि इस पुल का निर्माण हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले किसान भाई और लोगो को आवागमन में सहूलियत होगी। पुल निर्माण की मांग कुछ महीने पहले मुझ से की गई थी मैने ग्रामीणों से वादा किया था कि पुल का निर्माण जल्द हो जाएगा। जिसे पूरा करते हुए आत्मीय खुशी मिल रही हैं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी हैं जल्द ही पुल का निर्माण काम शुरू हो जाएगा। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महादेवगंज में भी मेरे अनुशंसा से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराया गया। गोपालपुल से सिन्हा टोला के बीच उच्चस्तरीय पुल का निर्माण 5 करोड़ से अधिक की लागत से काम चल रहा हैं ।

## हमने स्पष्ट खेल नीति का प्रस्ताव पारित किया था वह सचिवालय में धूल फांक रही है : सुदेश महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह में जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एचएलएम ट्रॉफी के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। इस अवसर पर फाइनल मैच के दोनों टीम के खिलाड़ियों से सुदेश महतो ने परिचय प्राप्त किया तथा फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। इससे पूर्व जोरदार आतिशबाजी एवं पारंपरिक आदिवासी नृत्य से महिलाओं ने सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सुदेश महतो ने जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक हरेलाल महतो द्वारा प्रदत्त नई एम्बुलेंस की चाबी चांडिल बाजार के नागरिकों को सौंपी। मौके पर सुदेश महतो ने हरेलाल महतो को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में खेल और संस्कृति के प्रति लोगों का क्या लगाव है, यह एच एल एम ट्रॉफी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरेलाल महतो के प्रति लोगों का लगाव अतुलनीय है, यह इस आयोजन में देखा जा सकता है। सुदेश महतो ने कहा कि कोई व्यक्ति अपने जन्मदिन को खेल तथा सेवा कार्य के लिए समर्पित कर सकते हैं, यह हरेलाल बाबू ने प्रमाणित कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें खेल विभाग का दायित्व मिला था तब उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में एक हाईटेक स्टेडियम का निर्माण करवाया था लेकिन उसके संचालन के अभाव में खंडहर हो गए। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं व खिलाड़ियों के हित को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट खेल नीति का प्रस्ताव पारित किया था लेकिन वर्तमान समय में वह सचिवालय में पड़ी धूल फांक रही हैं।

## उप प्रमुख ने गलत प्रबंधन समिति की चयन को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मो जाकिर शेख उप प्रमुख पतना ग्राम छोटा दुगार्पुर अर्जुनपुर थाना रांगा का स्थाई निवासी हैं। जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी साहेबगंज के पत्रांक 767 दिनाक 18/06/24 के आदेशानुसार गंगिया दामिनी प्लस टू हाई स्कूल बिशनपुर में जो प्रबंधन समिति गठन किया गया है उसमें पूरे गलत तरीके से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को चयन किया गया है। सरकारी आदेशानुसार जिसका बच्चा विद्यालय में कम से कम तीन साल तक रहे एवं जो छात्र न्यूनतम कक्षाओ मे हो और अपने पोषण क्षेत्र के अंतर्गत आता हो वैसे अभिभावक का चयन होना चाहिए। जबकि महिला एवं एसटी/ एससी को नजर अंदाज किया गया है। विद्यालय मे नगन्य अभिभावक की उपस्थिती मे आम सभा किया गया जो की सरकारी गाइड लाइन का उलंघन है एवं विद्यालय सचिव एवं प्रवेक्षक को सब मालूम होते हुए गलत चयन किया है,जिसका चयन हुआ उसके पुत्री उचतम कक्षाओ मे है,अपने पोषण क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है,ग्रामीणों से पता चला की जब चयन किया गया उस समय बहुत से अभिभावक को पता ही नहीं है बाद मे पता चला बिरोध होने के बाबजूद भी अभी तक अध्यक्ष को नहीं हटाया गया ना दूसरा चयन के लिए बोला गया। स्कूल सचिव एवं प्रवेक्षक अपने मनमानी तरीके से विद्यालय को चलना चाहता है जो की सरासर गलत है। इस पर जांच करते हुए पुनर्गठन किया जाए ताकि जिसके बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं।

# सोमनाथ मंदिर की आकृति पर बने पंडाल का उद्घाटन करेंगे चम्पाई सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर के एस टाइप दुर्गा पूजा मैदान में सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब के खूबसूरत पंडाल का उद्घाटन सोमवार की शाम 7:00 बजे पूर्व विधायक अरविंद सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव और भाजपा प्रत्याशी गणेश महाली मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बता दें कि यहां के पंडाल की खूबसूरती अलौकिक है, जिसे देखने राज्यभर के श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। इस वर्ष एस टाइप दुर्गा पूजा पंडाल में गुजरात की सोमनाथ मंदिर की खूबसूरत आकृति बनाई गई है। करीब 100 फीट चौड़ी और 80 फीट ऊंचे पंडाल निर्माण को तैयार करने में 50 कारीगर ने दिन-रात काम कर 90 दिनों में तैयार किया है। बता दें कि शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक बाबा सोमनाथ के मंदिर की आकृति यहां श्रद्धालुओं को खूब लुभाएगी। दुर्गा पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक मनोज सिंह और अध्यक्ष बबलू सिंह दिनेश ने बताया कि इस बार पूरे जमशेदपुर शहर का टॉप पंडाल यहां बनाया गया है। इसे पश्चिम बंगाल के मायापुर के पंडाल के कलाकारों ने बनाया है। उन्होंने बताया कि सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब 1972 से यहां पूजा कर रही है। दुर्गा पूजा और यहां लगने वाले मेले को सम्पन्न कराने में कमेटी के कोषाध्यक्ष संजीव पांडेय, नीरू सिंह, प्रकाश मेहता, संजीव सिंह बबुआ, पूर्व पार्षद सुधीर कुमार सिंह, बंटी सिंह आदि पूरी मेहनत कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### काम मांगो अभियान के तहत शिविर का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** जिला के बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुसमा संथाली छप्पर टोला में मुंशी मुर्मू घर के सामने प्रवाह संस्था प्रतिनिधि सुशील कुमार भगत, नारायण हांसदा, एवं गीता टुडू सहित संबंधित वार्ड नंबर -08 के पंचायती राज सद्स्य सोमाय बास्की के सहयोग से काम मांगो अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। जहां दर्जनों ग्रामीण महिला- पुरुषों ने भाग लिया, शिविर में भागीदार ग्रामीणों को बताया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी देती है। काम करने के लिए इच्छुक मजदूरों से मनरेगा योजना के निमित्त काम मांगने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए और जॉब कार्ड नवीनीकरण तथा नाम जोड़ने हेतु आयोजित शिविर में आवेदन प्रपत्र भरा गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में रविरंजन मुर्मू, अनीता हेम्ब्रम, शांति लता हेम्ब्रम, सुहागिनी किस्कू, बघराय किस्कू, रेशमा देवी, जगन मड़ैया आदि मौजूद थे।

### नमामि गंगे परियोजना के तहत डीपीओ के पद की नियुक्ति हेतु हुआ साक्षात्कार

**साहिबगंज:** नमामि गंगे परियोजना के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर जिला परियोजना अधिकारी₹ की नियुक्ति संबंधित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार में जिला परियोजना अधिकारी₹ की नियुक्ति हेतु कुल 10 उम्मीदवारों ने आज भाग लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, डॉ रंजीत कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### महाराजपुर प्लेटफॉर्म के किनारे से अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**बरहरवा :** थाना क्षेत्र के महाराजपुर रेलवे फाटक से कुछ ही दूर प्लेटफॉर्म के किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला है। दरअसल महाराजपुर रेलवे फाटक के पास प्लेटफॉर्म के किनारे सोमवार की सुबह आसपास के लोगों ने एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में देखकर गांव के लोग ने इसकी जानकारी दिया। गांव के लोगों ने लगभग सुबह के सात बजे इसकी सूचना बरहरवा थाना को दिया। सूचना मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद किया। गांव वाले ने शव को नहीं पहचान पाया। वहीं अज्ञात शव को बरहरवा पुलिस थाना लाया गया। थाना में संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद राजमहल अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अज्ञात शव की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम के बाद शीतगृह में रख दिया गया है। इस संबंध में बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह ने बताया कि सुबह जैसे ही खबर मिला। वहीं सुबह लगभग आठ बजे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिए थे। अभी तक शव की परिजनों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों का पता नहीं मिलने के क्रम में शव को 72 घंटे तक शीतगृह में रखा गया है। अगर 72 घंटे के बाद शव की पहचान नहीं हो पाती है तो वैसे स्थिति में पुलिस प्रशासन की निगरानी में अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह, एएसआई सीदम रविदास सहित अन्य पुलिस शस्त्र बल मौजूद थे।

### जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**चांडिल :** जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा पिछले आठ सालों से विवादित कारणों से रद होता आया है। यह परीक्षा 21-22 सितंबर 2024 को 639900 अभ्यर्थियों के लिए 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया, जिसमें 72 क्वेश्चन को रिपीट किया गया तथा परीक्षा से पूर्व ही क्वेश्चन पेपर लीक किया गया। जबकि पूर्व में 08/10/2017 को हुए हो भाषा का परीक्षा रिपीटेशन के कारण जेएसएससी द्वारा वह परीक्षा रद किया गया था। तत्काल में विवादित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद करने की मांग को लेकर झारखंड के छात्र निरंतर आंदोलनरत है। लगातार त्रिदिवसीय आंदोलन में पहला दिन राज्य भर में मसाल जुलूस, दूसरा दिन 5 लाख से ज्यादा ट्वीट-री-ट्वीट करके को दिन भर नंबर वन पर ट्रेंड में रखा गया और आज आंदोलन का तीसरा दिन (सोमवार) उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देना था। लेकिन छात्रों के आर्थिक तंगी को देखते हुए जिला न जाकर चांडिल अनुमंडल/ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के छात्र और अभिभावक चांडिल अनुमंडल प्रांगण में एक दिवसीय शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन एवं अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सचिव गोपेश महतो, केंद्रीय संगठन महासचिव फूलचांद महतो, युवामोर्चा केंद्रीय मंत्री आकाश गुलियर, युवा मोर्चा केंद्रीय प्रवक्ता संखुआर आदित्य, सीजीएल के छात्र जयप्रकाश महतो, बीरबल गोप, अश्विनी महतो, प्रियरंजन दस आदि के अलावे जेएलकेएम के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

### जमशेदपुर में ग्रामीण व किसानों के लिए उपलब्ध हो बाजार



**पटमदा :** राज्य के राज्यपाल के नाम जिला के उपायुक्त के माध्यम से किसानों के विभिन्न मांगो को लेकर एक मांग उपायुक्त कार्यालय में सौपा गया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी ने कहा कि जिले के उपायुक्त कार्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में कई मांगे की ।इस दौरान बारिश से किसानों को हुई सब्जी की क्षति का मुआवजा देने,किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर रवि फसल का बीज देने,धान अधिप्राप्ति पर बोनस देने,मिलेट्स बीज की सुलभता,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को सुचिवद कर लाभ देने सहित जमशेदपुर शहर में किसानों को बाजार उपलब्ध करवाने जैसे मांग शामिल है। इस ।दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री सदानंद महतो, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी,मंडल अध्यक्ष सोनरी राजकुमार सिंह किसान मोर्चा वीरेन महतो आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मंईयां सम्मान यात्रा आज, तैयारियों की हुई समीक्षा

**लोहरदगा** : मंईयां सम्मान यात्रा के तहत 08 अक्टूबर को लोहरदगा जिले में आयोजित होने वाले आम सभा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक में आम सभा के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल समाहरणालय के समीप मैदान में की जा रही आवश्यक तैयारियों, आमजनों के लिए सुविधाओं, लाभुकों के बीच मंईयां सम्मान योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि का भुगतान, परिसदन की साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्था, विभिन्न प्रखण्डों से लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने संबंधी कार्ययोजना, आमसभा की रूपरेखा आदि पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये। कार्यक्रम समाहरणालय मैदान में अपराह्न 12.30 बजे से होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### बाइक सवार ने टैक्टर में मारी टक्कर किशोर की मौत

**खूंटी** : कर्रा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम कर्रा-तोरपा रोड के पोढ़ा दानी बगीचा के पास मोटरसाइकिल सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को पीछे के टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान आकाश सिंह (17) ग्राम सुवारी जलटंडा निवासी के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### जल्द शुरू होगा बरवाडीह-चोपन-चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन : सांसद



**पलामू** : चार वर्ष से बंद पड़ी 03603/03604 बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन चालू होगी। इसके पुन: परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड के द्वारा सोमवार प्रदान कर दी गयी। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द इसकी शुरूआज हो जाएगी। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम इस पैसेंजर ट्रेन को चालू कराने के लिए लगातार प्रयासरत थे। सांसद ने कहा कि उनके अथक प्रयासों के फलस्वरुप बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन को पुन: परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड के द्वारा आज प्रदान कर दी गयी है। बहुत जल्द उक्त ट्रेन के परिचालन संबंधी तिथि निर्धारित की जाएगी। इस संबंध में लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया था एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग की थी। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। इस ट्रेन का परिचालन बंद हो जाने के कारण पलामू-गढ़वा क्षेत्र के लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमश: नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी।

## दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

# मेडिकल प्लान, स्थानीय गोताखोर व सीसीटीवी को दुरुस्त रखें : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त रंजन ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावे इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वॉलिंटर्स की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एम्बुलेंस को भी टैग किया गया है। बैठक में डीसी रंजन ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान, जहां प्रतिमा विसर्जन होगा वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालो में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया। उन्होंने सभी समितियों से अनुरोध किया कि वे अपने पंडालो में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगायें। इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें।बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं, ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्णशीर्ण अवस्था में ना रहे। इस कार्य हेतु अपर समाहर्ता से बेहतर को-ऑर्डिनेशन बनाये रखें। पंडालों में तैनात रहने वाले वालंटियर के बीच पहचान पत्र वितरण करने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने पंडालों में फायर फाइटिंग सिस्टम के रखने की भी बात कही। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों से अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से रहने की बात कही। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पूजा समितियां के प्रतिनिधियों से एसपी रीष्मा रमेशन ने पंडालों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने की बात कही।इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र,बिजली विभाग की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## लालू यादव से मिले नपं के उपाध्यक्ष हुसैनाबाद आरजेडी से की दावेदारी पेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)** : हुसैनाबाद की राजनीति में तीन दशक से सक्रिय हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से उनके पटना स्थित आवास पर मिलें। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि वह तीन दशकों से हुसैनाबाद की राजनीति में सक्रिय हैं। वह शुरू से जनता पार्टी जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने गत नगर पंचायत हुसैनाबाद में उपाध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर लड़े थे और जीत हासिल किया था। इस बीच उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहकर जनता की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल से उन्हें टिकट मिलता है, तो वह हुसैनाबाद सीट उनकी झोली में डालने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह शुरू से सभी जात धर्म के लोगों को साथ लेकर चलते हैं। उन्हें सभी जाति धर्म के लोगों का समर्थन मिलेगा। ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी से भी मिले।

## जनहित की सोच रखने वाला ही जानता का सच्चा प्रतिनिधि : विधायक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)** : भाजपा के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़कों की स्थिति काफी खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विभिन्न शिलान्यास कार्यक्रमों में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की एक एक सड़क का निर्माण कराने का काम किया है। इसके साथ ही जानता की हर एक समस्या के समाधान का ईमानदारी के साथ प्रयास किया। हो सकता है कुछ काम नहीं हो सके होंगे। मगर सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के साथ साथ गली नाली चबूतरा विवाह मंडप आदि जनता की मांग पर पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी समस्या का समाधान करना मेरा दायित्व है। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमे जपला पथरा मुख्य पथ से लंगरकोर्ट गांव होते हुए पथरा पथ तक, जपला पथरा मुख्य पथ से गांवखाप तक, सोनबरसा बरवाडीह सबानों पथ व बाजारी बुधुआ से हरिजन टोला बुधुआ तक पथ निर्माण शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक का फूल माला गाजा बाजा के साथ स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक ने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। दोनों कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। शिलान्यास के मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा** : समाहरणालय चतरा स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय की उपस्थिति में दुगार्पूजा, दीपावली, छठ त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधी चर्चा किया एवं सभी से अपनी-अपनी राय एवं सुझाव देते हुए सप्तमी से लेकर दशमी तक कुछ रास्ते को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस का समय सीमा तय करने, सफाई कर्मी नियुक्त करने, बैरिकेटिंग, लाइट व पेयजल की व्यवस्था करने समेत अन्य सुझाव दिए गए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी से त्योहारों को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक एवं लाइसेंस, गैर लाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली गई। त्योहारों में सक्रिय होकर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधित निर्देश देते हुए सभी को त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पूजा समिति, मंदिर प्रबंधन समिति से अपील किया गया कि पूजा पंडालो में सीसी टीवी कैमरा अपने स्तर से लगाए। पंडालों में दो निकासी द्वार महिला एवं पुरूष, अग्निशामक, पूजा पंडाल में वोलेंटियर, पंडाल में बिजली कनेक्शन लेकर अच्छे से प्लास्टिक कोटेड तार लगाए। जिससे अप्रिय घटना घटने से बचा जा सके। पंडालों में कूड़े कचरें न फैलाए।

## खूंटी में 40 लोग बने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्य



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : स्थानीय महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला परिसर में सोमवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में 40 लोगों ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन थामा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में धर्मेंद्र महतो, मनीष नाग, अभिषेक कुमार, शिव महतो, मनीष कश्यप, नीरज कुमार, अमरजीत कुमार, सहिंदर महतो, मदुवा मुंडा आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। मौके पर कई लोगों को पार्टी पदाधिकारी का पदभार दिया गया। महावीर सिंह को खूंटी जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र बधाई को तोरपा विधानसभा क्षेत्रक का संगठन मंत्री, अमिताभ साहू को मंडल अध्यक्ष खूंटी का दायित्व दिया गया। बैठक में केंद्रीय महामंत्री मनीष साहू, जिलाध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, महामंत्री विक्रम महतो सचिव अभिषेक राम पंचू महतो, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## जो देश अपने संस्कृति व संस्कारों की रक्षा नहीं कर पाता, वह नहीं रच पता है इतिहास : डॉक्टर जीएन खान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : भारत विकास परिषद मेदनीराय शाखा पलामू द्वारा एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में देशभक्ति समूह गान (हिंदी - संस्कृत ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डी.ए.वी की परंपरा अनुसार वैदिक मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने हिंदी में सूरज बदले, चंदा बदले एवं संस्कृत में मनसा सततम स्मरणीयम मनोहारी गीत प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन खान ने कहा कि भारत विकास परिषद देश की सांस्कृतिक विरासत के ध्वजवाहकों को परखने का पुनीत एवं प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। यह देश की अस्मिता एवं स्वाभिमान हेतु परम आवश्यक है। जो देश अपने संस्कृति व संस्कारों की रक्षा नहीं कर पाता है ,वह इतिहास नहीं रच पता है। भारत विकास परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण छात्रों में नैतिक आचरण के आधार बन सकते हैं। संस्था के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं शिकागो धर्म सम्मेलन की चर्चा करते हुए डॉक्टर खान ने छात्रों से राष्ट्रभक्ति एवं धार्मिक जागरण की प्रेरणा लेने की बात कही। प्राचार्य जी ने बताया कि डी.ए.वी संस्था स्वामी दयानंद एवं आर्य समाज के ध्वजवाहक के रूप में कार्य करती है। ऐसे में भारत विकास परिषद का इस विद्यालय में यह आयोजन हमारे उद्देश्य पूर्ति में भी सहायक है ।हम इसे अपना सौभाग्य मानते हैं,गर्व महसूस करते हैं। डॉक्टर खान ने कमियों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए छात्रों को राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने की शुभकामना दी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष झारखंड प्रांत सह अवकाश प्राप्तकर्मी कल्याण विभाग झारखंड सरकार सत्येंद्र तिवारी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ये छात्र भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के वाहक हैं। डी.ए.वी की सहभागिता से हमारी संस्कृति सुरक्षित रहेगी, ऐसा विश्वास है। उन्होंने भारत विकास परिषद के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए उन्हें पूरा करने का दायित्व छात्रों को सौंपने का आग्रह किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, सदस्य राज मुनि सिंह, रामनाथ सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, अर्जुन दुबे, सत्य साम्राज्य, विशाल महालका एवं गौतम ठाकुर उपस्थित थे। गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राएं अदिति कुमारी, आराध्या पाठक, मोनू प्रिया, खुशी कुमारी, सोनी प्रिया, दुबे आर्य मां, सृष्टि, रितिका पाठक एवं रुचिता पाठक थी।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्म के मर्म को समझने की जरूरत : डीएफओ



**मेदिनीनगर (पलामू)** : दुर्गा पूजा के अवसर पर सदर प्रखंड के शिवबेल घोरही में 12 वे अधिवेशन के मौके पर कथा प्रबचन के मौके पर लातेहार के डीएफओ आशीष कुमार ने कहा कि धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म हमे भाईचारा जियो और जीने दो का संदेश देता है। जो लोग धर्म अध्यात्म को नहीं समझ रहे हैं उनके जीवन को अहंकार, क्रोध लोभ, मोह जकड़े हुए हैं। जब तक इससे छुटकारा नहीं पाओगे तब तक इंसान कहलाने लायक नहीं हो। उन्होंने कहा कि धर्म वह चीज है जो प्रेम करना सीखाता है मुक्ति की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म के दर्शन को समझने की जरूरत है। धर्म हमें जीवन जीने की राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म वह है जो जोड़ने का काम करें ना कितोड़ने का। उन्होंने कहा कि धर्म में उन्माद की कोई गुंजाइश नहीं होती। उन्होंने कहा कि परहित सरिस धर्म नही भाई, पर पीड़ा सम नही अधमाई। यानी दुसरो के भलाई के समान कोई धर्म नही है और दूसरों के दु:ख पहुचाने के समान कोई अधर्म नही है। इस मौके बृंदावन से पधारी कथा पर्वाचिका केशव प्रिया भारद्वाज ने कहा कि राम चरित्र मानस हमे जीवन जीने का कला सिखाता है। आज के भौतिक वादी युग मे जहा रिश्तों की धज्जियाँ उड़ रही है। पारिवारिक आदर्श बिखर रहे हैं। माता-पिता का अनादर, भाई भाई की शत्रुता, पवित्र रिश्तों के मयार्दा का उल्लंघन हो रहा है। हमे इसे बचाने के लिए अध्यात्म को और बढावा देना होगा। इस मौके पर डीएफओ की धर्म पत्नी व बच्चों ने भी सत्संग का आनंद लिया। भरदुल कुमार सिंह, शम्भू प्रसाद, बिपिन सिंह, महेन्द्र सिंह, कृपाल पाल, पपू देहाती, सुभाष कुमार, अविनाश कुमार, करण कुमार सिंह, पवन पाल, ध्रुव पाल, जगन सिंह, अखिलेश सिंह, सुनील प्रजापति, पिन्टू सिंह, अजय सिंह, हरेन्द्र सिंह, नरु सिंह जितेन्द्र कुमार, मंतोष कुमार, योगेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### दुर्गाष्टमी पर शस्त्र पूजन कर शक्ति संचलन सह शोभा यात्रा निकाली गई



**मेदिनीनगर (पलामू)** : दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद के महिला शाखा मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में आज संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत और प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह जी की गरिमामई उपस्थित से कार्यकताओं में उत्साहवर्धन हुआ। शस्त्र पूजन के बाद बौद्धिक करते हुए श्रीमती कुसुम लता ने नारी सशक्तिकरण और समसामयिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। शक्ति संचलन सह शोभा यात्रा संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ की गई। दुर्गा वाहिनी के लगभग 300 बहनों ने संचलन सह शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सम्मानित सदस्य भी सुरक्षा हेतु साथ-साथ चल रहे थे। भव्य रूप से सजे हुए चार पहिया वाहन पर मां दुर्गा और भारत माता की झांकी प्रदर्शित की गई। शक्ति संचलन के दौरान रानी दुर्गावती और महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाएं भी झांकी में रखी गई। ज्ञातब्य है कि इस वर्ष रानी दुर्गावती की पांचवीं जन्म शताब्दी वर्ष और महारानी अहिल्याबाई होलकर की तीसरी जन्म शताब्दी वर्ष मनाई जा रही है। शोभा यात्रा में साध्वी ऋतंभरा की प्रतिमा भी रखी गई, जिन्होंने दुर्गा वाहिनी का गठन किया था। शक्ति संचलन सह शोभा यात्रा संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण से निकलकर भारत माता चौक, भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक, घास पट्टी मोर, पंच मुहान होते हुए देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंची। वहां से संचलन सह शोभा यात्रा थाना रोड होते हुए वापस संस्कृत महाविद्यालय में पहुंचकर समाप्त की गई।

### सांस्कृतिक पाठशाला की 55वीं कड़ी में महिला सम्मान की हकीकत पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर (पलामू)** : भारतीय साहित्य में महिलाओं का सम्मान सदैव होता रहा है। स्त्रियों को अपना वर स्वयं सुनने का अधिकार होता था, जिसे स्वयंवर कहते थे। सतत विकास के दौरान कई विचारधाराए सामने आती हैं और पुरानी विचारधारा लुप्त हो जाती है। आज जिस सम्मान की बात साहित्य करता है वह सम्मान महिलाओं को नहीं मिलती है। महिलाओं के सम्मान के लिए पुरुष समाज को अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने की जरूरत है। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृत पाठशाला की 55वीं कड़ी में आयोजित महिला सम्मान की हकीकत विषय पर चर्चा के दौरान अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में व्याख्याता के डी ओझा ने कही। शिव शंकर प्रसाद ने कहा की महिला सम्मान की हकीकत का विश्लेषण वर्गीय दृष्टिकोण पर करने की जरूरत है। विडंबना है कि आज जिस विषय पर चर्चा कर रहे हैं वह विषय महिलाओं के सम्मान की हकीकत से संबंधित है। परंतु चर्चा में एक भी महिला उपस्थित नहीं है। हकीकत को समझने के लिए महिलाओं की उपस्थिति आवश्यक है। संजीव कुमार संजू ने कहा कि महिलाएं आज नेतृत्व में बाहर निकल रहे हैं मुखिया भी बन रही है सरपंच भी बन रही है। अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि यह सच है कि महिलाएं मुखिया बन रही है लेकिन यह भी सच है कि मुखिया बनने के बाद उनके पति मुखिया पति हो जा रहे हैं। जो सम्मान महिलाओं के प्रति धर्म ग्रंथो में देखने को मिलता है वह सम्मान व्यवहार में नहीं दिखता। परिचर्चा की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव एवं व्याख्याता केडी ओझा ने की। परिचर्चा के प्रारंभ में विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश ने कराया।

### रविंद्र राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**छतरपुर (पलामू)** : छतरपुर पाटन विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह छतरपुर मुखिया संघ के उपाध्यक्ष रविंद्र राम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजना जैसे सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना,मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी तथा 200 यूनिट तक बिजली फ्री, विद्यार्थियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, परदेशीय छात्रवृत्ति योजना सहित अनेक योजना को लागू कर राज्यवासियों को कल्याण किया है तथा उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कहा कि सुदूर गांव में रहने वाले लोगों को कोई भी सरकारी कार्य के लिए भाड़ा लगाकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था फिर भी काम नहीं होता था इसको आसान बनाने के लिए तथा गांव के लोगों को भी सरकारी योजना का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुरूआत कर प्रखंड कर्मियों सहित संबंधित अधिकारियों को आपके गांव-गांव में भेजने का कार्य किया ।

# घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर



**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।**

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं-

## वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

## यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

## स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत


यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

## रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकती, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

## सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।





# ...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला

**कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेंट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।**

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

## बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना



## इसके घरेलू उपचार

### अखरोट

2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

### पिस्ता

5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।

### काले तिल

50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

### शहद का सेवन

रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

### अजवाइन

1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।



# जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

**प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता है। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्ही लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।**

## मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

## ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

## वजन बढ़ना

अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुंड के बीच होता है।

## अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

## पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।





# बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें

बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा, डायबिटिज, हाई बीपी, स्ट्रोक, दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

## बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन, पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

## एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

## टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

# कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

**औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।**

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

## बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

## काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

## मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।





# बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

**हर मां-बाप चाहते है कि उनकी बेटिया पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते है लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां-बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हे बाहर भेजने से डरने लगे है। उन्हे हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नही। अगर आपके घर में लड़किया है और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती है या घर से दूर कही बाहर रहती है। तो माता-पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानिया बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते है उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती है।**

## मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां-बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

## थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

## दोस्तों की जानकारी

आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

## आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

## अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।

# हार्दिक पांड्या ने पहले टी20 में बनाए दो रिकॉर्ड, विराट कोहली को छोड़ा पीछे

**ग्वालियर (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी20 में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पछाड़ दिया है। हार्दिक ने बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में पहले टी20 मैच में सबसे ज्यादा छक्के के साथ मैच समाप्त करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसी के साथ ही वह भारत के चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

मैच के दौरान हार्दिक ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। पहले गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 6.50 की इकॉनमी रेट से अपने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। बाद में 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्दिक ने 16 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39* रन बनाकर शानदार फिनिशिंग की। उनके रन 243.75 की स्ट्राइक रेट से आए। अपनी पारी के दौरान पांड्या ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। इसमें विकेटकीपर के सिर के ऊपर से नो-लुक रैंप शॉट भी शामिल था। ऑलराउंडर ने शॉट खेलते समय अपने खास आत्मविश्वास और स्वैगर का परिचय दिया, अपनी ताकत और बल्ले पर इतना भरोसा किया कि उन्हें पता था कि गेंद किसी भी तरह बाउंड्री की ओर जा रही है।

अब हार्दिक ने भारत के लिए टी20आई मैच में कुल पांच बार छक्का लगाकर मैच समाप्त किया है, जिससे उन्होंने विराट के चार बार ऐसा करने के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही अपने एक विकेट के साथ, पांड्या (87 विकेट) ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (86 विकेट) को पीछे छोड़ते हुए सबसे छोटे प्रारूप में भारत के चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 96 विकेट लिए हैं, लेकिन वह लम्बे समय से टीम से बाहर हैं।



# हरमनप्रीत की फिटनेस का पता जांच रिपोर्ट के बाद ही चलेगा : मंधाना



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर की जांच चल रही हैं और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी फिटनेस पर कुछ कहा जा सकेगा। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ मैच में खेल समाप्त होने के कुछ समय पहे चोटिल हो गयीं थीं। हरमनप्रीत गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जिसके बाद से ही उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंतित हो गए। मैच के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि चिकित्सा दल उनकी गर्दन की चोट की जांच कर रहा है। स्मृति ने कहा, अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। चिकित्सक उनकी जांच कर रहे हैं। उनके शीघ्र ठीक होने की उम्मीद है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने शानदार जीत दर्ज की। पाक गेंदबाजों की कसी हुई अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25 रन ही बना पायी। स्मृति ने माना कि भारतीय टीम ने जिस तरह से लक्ष्य का पीछा किसा उसमें सुधार हो सकता था, अब उनका नेट रन रेट -1.217 है। पाकिस्तान का रन रेट और स्थिति हार के बाद भी बेहतर है।

# पीसीबी प्रमुख को भरोसा, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आएगी टीम इंडिया



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना गया है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है।

नकवी ने कहा, 'भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं। नकवी ने कहा, 'स्टेडियम भी तय समय पर मैचों की मेजबानी के लिए तैयार हो जाएंगे।'

# हमने टीम मीटिंग में जो निर्णय लिया, वह कारगर रहा : पहले मैच जीतकर पर बोले

**ग्वालियर (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले टी20 में बांग्लादेश पर टीम की 7 विकेट से शानदार जीत पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने भारत की जीत की नींव रखी और मेहमान टीम को 127 रन पर समेट दिया। इन दोनों ने मिलकर छह विकेट चटकाए। जवाब में विश्व चैंपियन टीम ने अपने स्तर का प्रदर्शन किया और 49 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।

हार्दिक पांड्या ने बल्ले से तूफानी प्रदर्शन किया और 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन बनाए। सूर्यकुमार ने भी तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने भी 19 गेंदों पर 29 रन का योगदान देकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। मैच के बाद भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने बस अपने कौशल का समर्थन करने की कोशिश की और हमने अपनी टीम मीटिंग में जो निर्णय लिया, वह कारगर रहा। जिस तरह से खिलाड़ियों ने नए मैदान पर खेलते हुए चरित्र दिखाया और जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, वह शानदार था।'

सीरीज के पहले मैच में भारत ने मयंक यादव और नितीश रेड्डी को डेब्यू कैप दी। यह कदम कारगर साबित हुआ क्योंकि मयंक ने अपने करियर की शुरुआत मेडन से की और उसके बाद अपने दूसरे ओवर में महमुदुल्लाह का विकेट लिया। तेज गेंदबाज ने अपने चार ओवर में 1-21 के आंकड़े के साथ वापसी की। इस बीच नितीश अपने दो ओवर में विकेट नहीं निकाल पाए लेकिन एक छक्के सहित 16 रन बनाए। उनके प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, 'बहुत उत्साहित हूं और अगले मैचों में उन्हें देखने के लिए उत्सुक हूं। जब आप मैदान पर होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द होता है कि किसे गेंदबाजी करनी है। हर बार जब आपके पास एक अतिरिक्त विकल्प होता है, तो यह अच्छी बात है। आप हर नए खेल में कुछ नया सीखते हैं।'

उन्होंने कहा, 'हमेशा कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत होती है, हम अगले गेम में बैठकर इस पर बात करेंगे।' भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टी-20 मैच बुधवार को दिल्ली में खेला जाएगा जिसके बाद श्रृंखला का अंतिम मैच हैदराबाद में होगा।




# पहला ही ओवर मेडन करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने मयंक यादव

ग्वालियर । युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। मयंक ने अपना पहला ही ओवर मेडन किया। इस प्रकार मयंक पहला ही ओवर मेडन करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। मयंक से पहले ये रिकार्ड केवल पूर्व क्रिकेटर अजित आगरकर और अर्शदीप सिंह के नाम था। मयंक और आगरकर के अलावा केवल एक अन्य भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दो साल पहले आगरकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मयंक प्रशंसकों को उम्मीद थी कि फैंस को उम्मीद रही होगी कि कप्तान सूर्यकुमार यादव उन्हें नई गेंद से अवसर देंगे पर ऐसा नहीं हुआ। पहले चार ओवर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने किए जबकि पांचवां ओवर स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मिला। इसके बाद मयंक को गेंदबाजी मिली। मयंक यादव ने अपने पहले ओवर में ही बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को एक रन भी नहीं बनाने दिया। इस प्रकार मयंक यादव भारत के तीसरे ऐसे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले टी20 मैच का पहला ओवर ही मेडन फेंका।



## इस माह के अंत तक एकदिवसीय और टी20 के लिए कप्तान की घोषणा करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के इस महीने के अंत तक सीमित ओवरों के लिए लिए कप्तान की घोषणा करेगा। इससे पहले बाबर आजम ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वहीं टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन भी अपने घर दक्षिण अफ्रीका लौट गये हैं। इसी को लेकर पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीरीज के लिए इसी माह के अंत में 29 अक्टूबर को टीम से जुड़ेंगे। कर्स्टन सीधे मेलबर्न पहुंचेंगे। हाल में कर्स्टन ने चैम्पियंस कप में पाकिस्तान के खिलाड़ियों की स्थिति का आंकलन करने के बाद क्रिकेट की स्थिति पर चयनकर्ताओं तथा बोर्ड अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में अपने विचार रखे थे। पाकिस्तान को नवंबर-दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में कुल 18 मैच खेलने हैं इसमें नौ एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच है। इसकी दौरे की शुरुआत चार नवंबर को मेलबर्न से होगी। अभी तक मिले अनुमानों के अनुसार विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी सीमित ओवर प्रारूप में कप्तानी के दावेदार हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम के पास नया रिकार्ड बनाने का अवसर

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पास बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के बचे हुए मैच अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। भारतीयटीम ने जुलाई 2024 से अब तक लगातार 8 टी20 मैच जीते हैं। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ बाकी बचे हुए दो मैचों को जीतने के बाद टीम इंडिया साल 2020 में मिली लगातार 9 जीत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकती है। भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखकर लगता है कि वह नया रिकार्ड बनायेगी। इस साल भारतीय टीम केवल एक टी20 मैच ही हारी है। इस बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता इस साल भारत ने 20 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं और सिर्फ एक ही मैच हारी है। भारतीय टीम के पिछले कुछ सालों में किए गए टी20 प्रदर्शन पर बात करें दिसंबर 2023 से लेकर जून 2024 तक भारत ने 12 टी20 जीत दर्ज की हैं। नवंबर 2021 से लेकर फरवरी 2022 तक भी भारत ने लगातार 12 टी20 जीत दर्ज की थी। इसके अलावा 2020 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक भारत ने लगातार 9 जीत दर्ज की थी। अब भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2024 से अब तक 8 जीत के साथ पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने के रास्ते पर है। टीम ने पहले टी20 में जैसा प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए आगे भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में 5 मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से हारने के बाद से ही कोई सीरीज नहीं हारी है। इसके बाद भारत ने टी20 सीरीज में आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, जिंबाब्वे और श्रीलंका को हराया है। इसी दौरान टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता है।




# आर्कटिक ओपन सुपर 500: पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्लीवंता (फिनलैंड)। (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया। सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस द्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया।

दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली सेजबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।

सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैंतो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है। चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे।

महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।





# हरमनप्रीत ने अपनी सफलता का श्रेय एचआईएल को दिया

नई दिल्ली । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के कारण ही वह आज यहां तक पहुंचे हैं। ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत के लिए अब तक का सफर अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लीग से अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर उन्हें मिला था। इसी कारण वह 234 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 205 गोल दागने में सफल रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, ''हॉकी इंडिया लीग का मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे विभिन्न कोचों के अंतर्गत अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच दिया।'' उन्होंने कहा, ''लीग में खेलने से और विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से ही आप आगे बढ़ते हैं। इससे आपको सोचने के कई दृष्टिकोण और तरीके मिलते हैं।'' हरमनप्रीत ने कहा, ''यह सब भारतीय हॉकी के विकास का अहम हिस्सा था और इसने निश्चित रूप से ओलंपिक पदक जीतने में हमारी सहायता की।'' हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए एचआईएल से ज्यादा अच्छा कुछ नहीं हो सकता और देश के सभी खिलाड़ी इस लीग में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित होंगे।



## बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जीत का श्रेय गंभीर को नहीं इसे देना चाहिए : गावस्कर





स्पोर्ट्स डेस्क - महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की उल्लेखनीय टेस्ट जीत का श्रेय नवनियुक्त कोच गौतम गंभीर के बजाय रोहित शर्मा को जाना चाहिए। गावस्कर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट की आक्रामक शैली को अपनाया है और इस साहसिक दृष्टिकोण को वर्णित करने के लिए 'गोहित' लेबल का सुझाव दिया। गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति के लिए गंभीर को मान्यता मिलने पर अपनी निराशा व्यक्त की और इसे ''उच्च कोटि की चाटुकारिता'' करार दिया। गावस्कर ने लिखा, 'जबकि बेन स्टोक्स और मैकुलम के नए शासन के तहत इंग्लैंड की बल्लेबाजी का तरीका पूरी तरह से बदल गया, हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि रोहित इसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गंभीर को कोचिंग दिए हुए अभी कुछ महीने ही हुए हैं, इसलिए इस दृष्टिकोण को उनके नाम करना सबसे बड़ी गलती है। गंभीर ने शायद ही कभी इस तरह से बल्लेबाजी की हो, जैसा मैकुलम किया करते थे। अगर कोई श्रेय दिया जाना चाहिए, तो वह केवल रोहित को है और किसी और को नहीं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह से 50 साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में वाटरगेट कांड के बाद अब किसी भी घोटाले को यह-गेट या वह-गेट कहा जाता है, उसी तरह इस भारतीय बल्लेबाजी दृष्टिकोण को इंग्लैंड टीम के बल्लेबाजी रवैये के लिए 'बाजबॉल' शब्द गढ़े जाने के बाद यह-बॉल और वह-बॉल कहा जाने लगा। इसे ऐसा इसलिए कहा गया क्योंकि 'बाज' ' उनके कोच, न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम का उप-नाम है, जिन्होंने ठीक उसी तरह बल्लेबाजी की, जैसी उनकी टीम कर रही थी - रन बनाने के प्रयास में सावधानी को हवा में उड़ा दिया।'

# भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को हराने का नतीजा, सनत जयसूर्या बने श्रीलंका के प्रमुख कोच

कोलंबो। सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'श्रीलंका क्रिकेट की एग्जेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है।' पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।



# भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने लिया संन्यास, ओलंपिक में नहीं जीत पाई थीं पदक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने अचानक संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। दीपा 2016 के रियो ओलंपिक में पदक से चूक गई थीं, उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था। 31 वर्षीय दीपा ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट बनीं थीं। उनका रियो ओलंपिक के वॉल्ट इवेंट में महज 0.15 पॉइंट से ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना अधूरा रह गया था।

वहीं दीपा ने संन्यास को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, बहुत सोच-समझ कर मैंने जिमनास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। ये कोई आसान फैसला नहीं, लेकिन मुझे लगता है कि ये सही वक्त है। जब से मैं याद कर सकती हूं जिमनास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा और मैं उतार-चढ़ाव और बीच की हर चीज के लिए आभारी हूं।

दीपा ने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीता था और ऐसा करने वाली भारत की पहली जिमनास्ट बनीं थीं। उन्होंने अपने सफर को लेकर कहा कि, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे अपनी हर उपलब्धि पर गर्व महसूस होता है। विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, पदक जीतना और सबसे यादगार, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना। हमेशा मेरे करियर के शिखर के रूप में याद किया जाएगा। ये पल सिर्फ मेरे लिए जीत नहीं थे, ये भारत की हर उस युवा लड़की की जीत थी जिसने सपने देखने की हिम्मत की, जिसने माना की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है।



# भारतीय टीम ने 42 वीं बार किसी टीम को ऑलआउट कर रिकार्ड बनाया

ग्वालियर । भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 में जीत दर्ज करने के दौरान एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया। भारतीय टीम ने इस मैच में बांग्लादेश को ऑलआउट कर दिया। ये 42 वीं बार है जब भारतीय टीम ने किसी टीम को ऑलआउट किया। इससे पहले ये रिकार्ड केवल पाकिस्तान के नाम था। पाकिस्तान ने यह रिकॉर्ड जहां 245 मैच खेलकर बनाया। वहीं भारतीय टीम ने 236वें मैच में ही इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

# नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मन : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं। अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया



जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था। केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।

**छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आयी तेजी**

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

**विकास कार्यों पर बढ़ाया खर्च**

उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत 2004-2014 के बीच इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 के बीच हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो लगभग तीन गुना है। एसआरई मुख्य योजना है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में योगदान देती है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दशक में 3590 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शाह ने कहा कि 2019 से पहले सैनिकों के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के छह और वायुसेना के छह हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सैनिकों की मदद करते हैं। नक्सल प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं।

# मणिपुर के काकचिंग एवं थौबल जिलों से हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में जारी हिंसात्मक गतिविधियों के बीच म्यांमार के सीमावर्ती काकचिंग और थौबल जिलों के अलग-अलग स्थानों से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान काकचिंग जिले के सिंगटॉम पहाड़ी से एक एसएमसी कार्बाइन (जिसमें 3 राउंड भरी हुई मैगजीन), एक 9 एमएम पिस्तौल (जिसमें खाली मैगजीन), तीन .36 एचई ग्रेनेड, तीन टियर स्मोक ग्रेनेड, एक 2 इंच मोर्टार (टीएनटी), एक डेटोनेटर, तीन मिस फायर एम-



16 बुलेट, 11 खाली केस (एके), तीन खाली केस (303), दो 12 बोर कारतूस, एक लेथोड खाली केस और एक बीपी वेस्ट बरामद किया गया। एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के चिंगखम चिंग क्षेत्र से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक एसएसबीएल, एक .32 पिस्तौल और मैगजीन, एक इंसास एलएमजी मैगजीन, एक 81 मिमी मोर्टार शेल, चार 36 एचई हैंड ग्रेनेड, तीन डेटोनेटर, 41 जीवित गोला-बारूद, पांच ग्रीन ग्रेनेड 80 मिमी एमके-1, दो स्टिंगर ग्रेनेड, सात टियर स्मोक ग्रेनेड, 11 टियर स्मोक शेल, दो स्टन शेल (सामान्य), पांच .38 मिमी रबर बुलेट, एक बाओफेंग हैंड सेट, एक टीवाईटी रेडियो सेट और एक उपकरण जैकेट बरामद किया। इनके अलावा एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के वाबागई नटेखोंग, तुरेनमेई से मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल, दो सिंगल बैरल, मैगजीन के साथ एक 9 एमएम पिस्तौल, डेटोनेटर के बिना 14 36 एचई ग्रेनेड, एक 51 एमएम मोर्टार, दो 2 एमके-कक्क ग्रेनेड, 4.755 किलोग्राम वजन का एक संदिग्ध कंटेनर विस्फोटक आईईडी, चार डेटोनेटर, छह टियर स्मोक शेल, दो दंगा निरोधी रबर बुलेट, एक स्टिंगर कारतूस, दो ट्यूब लांचिंग, तीन आर्मिंग रिंग, 34 लाइव गोला बारूद, 25 विस्फोटक कारतूस, 7.62 मिमी फायर केस के 18 पीस, 10 फायर विस्फोटक कारतूस, चार्जर के साथ एक बाओफेंग सेट, एक हेलमेट, दो बीपी कवर, दो बीपी प्लेट (स्थानीय निर्मित) और जंगल बूट की एक जोड़ी बरामद की। सुरक्षा बलों का सघन अभियान जारी है।

## केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया बदले की कार्रवाई का आरोप

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा के घर सोमवार को हुई ईडी की रेड को राजनीति से प्रेरित बताया। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच नहीं बल्कि आआपा और हमारे नेताओं को खत्म करने के लिए किया जा रहा है। हमने कोई गलत काम नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा निर्दोष लोगों को जेल में डालने और सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जाहिर है, यह कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच नहीं चल रही है। इन्होंने मुझे गिरफ्तार किया। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया। अब सोमवार को इन्होंने राज्यसभा सदस्य संदीप अरोड़ा के ऊपर रेड कर दी।

## बांग्लादेश में मां दुर्गा के 31,500 पंडालों की बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर लगभग 31,500 स्थानों पर मां दुर्गा के पूजा मंडप स्थापित किए गए हैं। मूर्ति विसर्जन से पहले इन सभी मंडपों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिरीक्षक एमडी मैनुल इस्लाम ने सोमवार को कहा कि सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने के लिए अंसार और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के सदस्य प्रत्येक मंडप में 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक इस्लाम ने प्रसिद्ध ढाकेश्वरी मंदिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश पुलिस, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ, व्यवधान मुक्त उत्सव का माहौल बनाने के लिए व्यापक उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पूजा मंडपों में शांतिपूर्ण और आनंदमय माहौल में त्योहार मनाया जाएगा।

## कराची एयरपोर्ट के पास विस्फोट में चीन के दो नागरिकों समेत तीन की मौत

एजेंसी

**कराची :** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रविवार रात हुए जबरदस्त विस्फोट में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें चीन के भी दो नागरिक हैं। संघीय जांच अधिकारियों के हवाले से डॉन अखबार ने आज अब से कुछ देर पहले यह जानकारी अपने न्यूज पोर्टल पर साझा की है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, चीन के दूतावास ने पुष्टि की कि कराची में एयरपोर्ट के पास सड़क पर हुए विस्फोट में उसके दो नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, चीन के नागरिकों के शव को मॉर्चरी में रखवा दिए गए हैं। जियो न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि चीन के नागरिकों के काफिले पर हमला करने वालों को हर हाल में दंडित किया जाएगा। धमाके की आवाज करीमाबाद, डिफेंस और जमशेद रोड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में सुनी गई। मालिर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिग्नल के पास हुए इस विस्फोट की पुष्टि की। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी की मजीद ब्रिगेड ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है।

## एक नजर

### पंजाब में आआपा सांसद के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**चंडीगढ़ :** प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने सोमवार सुबह आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा तथा पंजाब के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी व फाइनेंसर हेमंत सूद के आवास पर छापा मारा। ईडी की टीमों ने सांसद के आवास व अन्य ठिकानों पर कई घंटे सर्च किया। सूत्रों के अनुसार ट्रांसपोर्ट टेंडर घोटाले में भारत भूषण आशु का नाम आने के बाद ईडी ने मामले की जांच की। विदेशी लेन-देन को हेमंत सूद से जोड़ कर देखा जा रहा है। ईडी की टीम राज्यसभा सांसद अरोड़ा और हेमंत सूद से पूछताछ कर रही है। उनकी संपत्तियों का रिकॉर्ड जुटाया जा रहा है। परिवार के सभी मोबाइल फोन बंद करवा दिए गए हैं। ईडी की जांच के बाद राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'मैं एक इज्जतदार नागरिक हूं। तलाशी क्यों ली जा रही है, इसके बारे में मुझे कुछ पता नहीं है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि एजेंसीज के साथ जांच में पूरा सहयोग करूंगा। उनके हर सवाल का जवाब दूंगा।

### जमानत पर चल रहे व्यक्ति का सांसद आवास में रहना गैरकानूनी : अनूप

**नई दिल्ली :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता अनूप पांडेय ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिख कर जमानत पर चल रहे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रहने के लिए राज्यसभा सांसद के लिए आवंटित आवास दिए जाने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में जमानत पर चल रहे हैं, ऐसे में किसी राज्यसभा सांसद का आवास उन्हें रहने के लिए देना गैरकानूनी, लोकतांत्रिक और संसदीय मयार्दा का घोर उल्लंघन है। अनूप पांडेय ने पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद अरविंद केजरीवाल को रहने के लिए 5 फिरोजशाह रोड का बंगला दिया गया है। यह बंगला आम आदमी पार्टी (आआपा) से राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल को आवंटित है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुई उद्योगपति रतन टाटा की आवश्यक मेडिकल जांच

**मुंबई :** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन उद्योगपति रतन टाटा आवश्यक मेडिकल जांच के लिए सोमवार को सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल पहुंचे, जहां उनका नियमित परीक्षण किया गया है। उन्होंने अपने आईसीयू में भर्ती होने के दावों को अफवाह करार दिया है। रतन टाटा ने कहा, 'मैं अपने स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में फैल रहीं अफवाहों से अवगत हूं। उद्योगपति रतन टाटा ने अपने अधिकृत 'एक्स' हैंडल पर कहा, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं। मैं फिलहाल अपनी उम्र और सेहत संबंधी जरूरी चिकित्सा जांच करवा रहा हूं। चिंता का कोई बात नहीं है। मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। आपसे अनुरोध करता हूं कि जनता और मीडिया गलत सूचना फैलाने से बचें। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ने कहा कि उनका रक्तचाप काफी कम हो गया था और उन्हें तुरंत आईसीयू में ले जाया गया। शाहरुख अस्पी गोलवाला की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल ने कहा कि टाटा विशेषज्ञों की निगरानी में है और उन्हें सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल मिल रही है।

### श्रीलंका में एसएलपीपी के दिग्गज नेता इस बार नहीं लड़ेंगे संसदीय चुनाव

**श्रीलंका :** श्रीलंका में 14 नवंबर को होने वाले संसदीय चुनाव में इस बार श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के तमाम दिग्गज नेता चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में साथ छोड़ने वाले विभिन्न नेताओं को भी टिकट न देने का फैसला किया है। डेली मिरर की खबर के अनुसार, इनमें ऐसे कई नेता शामिल हैं जो नौवीं संसद में प्रभावी भूमिका में रहे हैं। इनमें से दर्जनों ने बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर खुद ही राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। मुख्यधारा की राजनीति से बाहर रही नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी रहने से भी कई नेताओं ने हार जाने के डर चुनाव न लड़ने की घोषणा की है। पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे, उनके बड़े भाई चामल राजपक्षे, गामिनी लोकुगे और अली साबरी सहित कई नेता इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। चामल राजपक्षे ने पुष्टि की कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनके बेटे शशिंद्र राजपक्षे मोनेरागला जिले से एसएलपीपी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। साबरी ने कहा कि वह अब वकालत करेंगे। पिछली बार एसएलपीपी से सांसद चुने गए वासुदेव नानायक्कारा ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। बंडुला गुणवर्धने ने भी घोषणा की कि वह इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूर्व न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे अनिश्चित हैं कि चुनाव लड़ें या नहीं। सामगी जन बालवेगया (एसजेबी) के नेता और पूर्व सांसद लक्ष्मण किरीएला के भी इस बार चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है। उनकी जगह उनकी बेटी चमिन्द्राणी किरीएला इस बार कैंडी जिले से चुनाव लड़ सकती हैं। प्रो. तिस्सा विथराना और एएचएम फॉजी ने भी संसदीय चुनाव से दूर रहने का फैसला किया है।

### सेल और बीएचपी ने स्टील डीकार्बोनाइजेशन के संभावित मार्गों को गति देने के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली :** भारत में सबसे बड़ी सरकारी स्वामित्व वाली स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और अग्रणी वैश्विक संसाधन कंपनी बीएचपी के बीच स्टीलमेकिंग डीकाबोर्नाइजेशन की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गया है। यह साझेदारी भारत में ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए लो-कार्बन स्टीलमेकिंग टेक्नोलॉजी वाले तरीकों को बढ़ावा देने की दिशा में सेल और बीएचपी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों पक्ष पहले से ही सेल के ब्लास्ट फर्नेस संचालन करने वाले एकीकृत इस्पात संयंत्रों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी) को कम करने की दिशा में विभिन्न रणनीतियों का आकलन करने वाले शुरूआती अध्ययन के साथ संभावित डीकाबोर्नाइजेशन के अनुकूल विभिन्न वर्कस्ट्रीम्स की खोज कर रहे हैं। ये वर्कस्ट्रीम ब्लास्ट फर्नेस के लिए हाइड्रोजन और बायोचार जैसे वैकल्पिक रिडक्टेंट्स की भूमिका पर विचार करेंगे ताकि डीकाबोर्नाइजेशन ट्रांजिशन को अनुकूल बनाने के लिए स्थानीय अनुसंधान और विकास क्षमता का निर्माण भी किया जा सके। भारत और वैश्विक इस्पात उद्योग में मध्यम और दीर्घ अवधि के दौरान डीकाबोर्नाइजिंग को बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करना और मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस तकनीकी में कमी लाना महत्वपूर्ण है और इस अप्रोच के साथ ये साझेदारियां बेहद जरूरी हैं। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा, सेल बीएचपी के साथ इस समझौते को टिकाऊ तरीके से स्टील उत्पादन के विकास की दिशा में भविष्य की ओर एक बढ़ते कदम के रूप में देख रहा है। इस्पात क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के साथ लेकर चलने की उभरती हुई आवश्यकतों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। सेल भारत में इस्पात उद्योग के लिए एक इनोवेटिव भविष्य को बढ़ावा देने के जरिये जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सर्राफा बाजार में करेक्शन की चेतावनी 70 हजार तक गिर सकता है सोने का भाव

**नई दिल्ली :** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों की वजह से दुनिया भर में सोना इन दिनों निवेश का पसंदीदा माध्यम बना हुआ है, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार से लेकर घरेलू सराफा बाजार तक में ये चमकीली धातु अपने सर्वोच्च स्तर के करीब पहुंचकर कारोबार कर रही है। तेजी के इस माहौल के बीच एक रिपोर्ट में सोने में हो रहे निवेश को लेकर चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में लगभग 5 हजार रुपये तक का करेक्शन आ सकता है। सरार्फा बाजार में सोना फिलहाल 77 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। तेजी के इसी दौर में सोने की कीमत 78,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई लेवल को भी टच कर चुकी है। माना जा रहा है कि इस कीमत में धनतेरस और दिवाली तक और तेजी आ सकती है, क्योंकि पारंपरिक रूप से धनतेरस और दिवाली के दिन सोने की खरीदारी करना काफी शुभ माना जाता है। तेजी की इन संभावनाओं के बीच ही सोने की कीमत में करेक्शन होने की आशंका वाली एक रिपोर्ट ने निवेशकों के बीच चिंता की लकीर खींच दी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार सरार्फा बाजार में सोने की कीमत में हुई वृद्धि सामान्य औसत से काफी आगे बढ़ गई है।

### ट्रेनी डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामला, सीबीआई ने आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और उसकी हत्या मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सोमवार को चार्जशीट दाखिल कर दी। कोलकाता की स्पेशल कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में सीबीआई ने कहा कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने नौ अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को अंजाम दिया था। सीबीआई सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी ने चार्जशीट में सामूहिक बलात्कार के आरोप का जिक्र नहीं किया है, इसका संकेत यह है कि संजय रॉय ने अकेले ही इस अपराध की घटना को अंजाम दिया। बता दें कि सीबीआई की जांच अभी जारी है। चार्जशीट में लगभग 200 लोगों के बयान दर्ज किये गये हैं सीबीआई सूत्रों के अनुसार चार्जशीट में लगभग 200 लोगों के बयान दर्ज किये गये हैं। चार्जशीट में रॉय को मुख्य आरोपी करार दिया गया है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह * ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902